GS

अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध

क्लास नोट्स

राष्ट्रीय हित :→

- भौगोलिक एकता एवं अखण्डता बनाए रख
- अपनी सुरक्षा बनाए रखना तथा सुरक्षा बनाए रखने के लिए सैन्य सामग्री अर्जित करना
- आर्थिक विकास

नतो कोई स्थायी मित्र होता है और न कोई स्थायी शत्रु होता है। केवल राष्ट्रीय हित ही स्थायी होता है।



भू-राजनीति (Geo-politics)

→ भौगोलिक तत्वों का राज्य के व्यवहार (विदेश नीति) पर प्रभाव

→ देश का भौगोलिक आकार विदेश नीति का निर्धारण करता है।

→ देश की अवस्थिति भी राज्य के व्यवहार को निर्धारित करती है।

(i) भूमि आबद्ध (land lock) देश :- ऐसा राज्य जिसका कोई भी भू-भाग समुद्री सीमा से नहीं लगा हो या चारों ओर राज्यों से घिरा हो। जैसे-नेपाल, अफगानिस्तान।

(ii) बफर राज्य (Buffer state) :- दो शक्तिशाली राज्यों के बीच स्थित एक छोटा-सा राज्य। जैसे भूटान।

भू- सामरिक (Geo- stratigic) :-

भू-भाग जिसका देश की सुरक्षा के लिए निर्णायक महत्व हो। eg. सियाचिन भारत के लिए भू-सामरिक रूप में महत्वपूर्ण है। क्योंकि यहाँ भारत पाकिस्तान की तुलना में ऊँचाई पर स्थित है।

भू-अर्थ (Geo- Economic) :-

वर्तमान उदारीकरण एवं भूमण्डलीकरण के युग में अर्थव्यवस्था का या आर्थिक कारकों का विदेश नीति पर निर्णायक प्रभाव देखा जा रहा है। eg. ब्रिटेन के यूरोपीयन यूनीयन से अलग होने के बाद इसका प्रभाव समूची विश्व अर्थव्यवस्था पर देखा गया है।

भूमण्डलीकरण :-

(i) एक देश की अर्थ व्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण।

(ii) सूचना- संचार के बढ़ते प्रभाव से भौगोलिक दूरियों का सिमटना।

(iii) सांस्कृतिक रूप में देशों में विश्व में एक ही समान उत्पादे का बढ़ता उपयोग।

उदारीकरण :- (i) देश की अर्थव्यवस्था पर राज्य के नियंत्र को ढीला करना।

(ii) बाजार को उत्पादक और विक्रय की गतिविधि में बढ़ावा देना।

संबंधों के प्रकार

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

आर्थिक सम्बंध :-

1. द्विपक्षीय व्यापार
2. तेल / गैस का आयात
3. मुक्त व्यापार :- दो देशों के बीच प्रशुल्क शून्य हो।
4. समग्र आर्थिक सहभागिता का समझौता (CEPA)
5. दो देशों के बीच वस्तुओं के व्यापार के अतिरिक्त सेवा, निवेश के संबंध में भी समझौते हो जाए तो इसे समग्र आर्थिक सहभागिता का समझौता कहा जाएगा।
   e.g. जापान, द. कोरिया

राजनीतिक सम्बंध :→

1. भारतीय लोकतंत्र का समर्थन
2. कश्मीर मुद्दे पर भारत का समर्थन
3. सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का समर्थन

सैनिक सम्बन्ध :→

1. संयुक्त साझा सैनिक अभ्यास
2. सैनिकों को प्रशिक्षण
3. सैनिक सामग्री का आदान- प्रदान
4. रक्षा सामग्री का साझा उत्पादन

eg. अमेरिका, इज़रायल के साथ तीनों संबंध हैं।

D.K. PHOTO
COURIER FACILITY
(M) 926809...

सामरिक संबंध :→

1. सामरिक संबंधों में सैनिक सम्बंध स्वाभाविक रूप में शामिल हो जाते हैं।
2. आसूचना का लेन-देन।
3. उच्च एवं संवेदनशील तकनीक के क्षेत्र में सहयोग।
4. आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग
5. समुद्री सुरक्षा के सम्बंध में आपसी सहयोग।

सांस्कृतिक सम्बंध :-

1. एक देश के त्योहार का दूसरे देश में आयोजन।
2. एक देश की भाषा एवं साहित्य का दूसरे देश में अध्यापन।
3. भारत में आयोजित बौद्ध धर्म का सम्मेलन या अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ये सांस्कृतिक सम्बंधों के उदाहरण है।

शक्ति के रूप

हार्ड पावर :→ देश की सैनिक शक्ति को हार्ड पावर के अंतर्गत रखा जाता है। eg. अमेरिका अपनी सेनाओं पर जितना खर्च करता है उसके बाद आने वाले 12 राज्यों के खर्च उसके बराबर नहीं है।

D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

सॉफ्ट पावर :→

(i) गैर-सैनिक शक्ति

(ii) वैचारिक अथवा सांस्कृतिक संस्कृति

(iii) सॉफ्ट पावर के द्वारा राज्य अपने हार्ड पावर को बढ़ाने का प्रयत्न करते हैं।

(iv) हार्ड पावर और सॉफ्ट पावर के मिले-जुले रूप प्रयोग को ही स्मार्ट पावर के रूप में व्यक्त किया जाता है।

zero-sum game (जीरो-सम गेम) :→

राज्यों के बीच विशुद्ध संघर्ष की स्थिति, जिसमें एक के विजय का अभिप्राय दूसरे की पराजय है।

इसलिए
↓ देशों के बीच होने वाले युद्ध में एक देश के लाभ का आशय दूसरे का सीधा घाटा है।

शीत युद्ध के दौर की राजनीति को zero-sum game के रूप में व्यक्त किया जाता था।

नॉन-जीरो सम गेम :-

(i) वर्तमान विश्व की अंतर्राष्ट्रीय राजनीति को इसको इसके द्वारा व्यक्त किया जाता है।

(ii) इसके अनुसार राज्यों के बीच सहयोग सभी के लिए लाभदायक है जबकि राज्यों के बीच युद्ध सभी के लिए विनाशक होंगे।

D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

भारतीय विदेश नीति का विकास

पहला चरण

घरेलू परिस्थितियाँ

1. साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद एवं भेद-नीति के विरोध के परिणामस्वरूप भारत आजाद हुआ।
2. आर्थिक रूप में विपन्नता थी तकनीक रूप में पिछड़ापन था। आर्थिक विषमता ज्यादा थी
3. आजादी के बाद लोकतांत्रिक शासन प्रणाली को स्वीकार किया।
4. देशी रियासतों के एकीकरण की समस्या तथा देश में होने वाले सांप्रदायिक दंगे का।

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

वैश्विक वातावरण

1. शीत युद्ध का माहौल

   USA ⟷ USSR

   → दुनिया दो सैनिक गठबंधन में विभाजित हो गई-

   NATO ⟷ WARSA

   → यह विभाजन भौगोलिक और आर्थिक रूप में भी था।

   → पश्चिमी यूरोप ⟷ पूर्वी यूरोप

   → पूँजीवादी ⟷ समाजवादी

⇒ भारतीय विदेश नीति की मूल विशेषता :-

1. लोकतांत्रिक देश होने के कारण भारत के द्वारा स्वतंत्र और स्वायत्त विदेश नीति अपनाई गयी।

2. स्वतंत्र विदेश नीति को ही गुटनिरपेक्ष विदेश नीति के रूप में भी चित्रित किया गया। जिसके अनुसार भारत ने स्वयं को सैनिक गठजोड़ से अलग रखा तथा दोनों महाशक्तियों के साथ बेहतर संबंध बनाने का प्रयास किया।

3. गुटनिरपेक्षता विदेश नीति के अलावा एक आंदोलन भी था जिसके द्वारा साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद और रंगभेद नीति का विरोध किया गया।

4. एशियाई - अफ्रीकी देशों के बीच एकता स्थापित करने के लिए चीन के साथ मित्रतापूर्ण संबंधों पर बल दिया गया।

5. संयुक्त राष्ट्र संघ के आदर्शों में आस्था व्यक्त की गई।

6. तीसरी दुनिया (एशिया - अफ्रीका) के देशों के बीच एकता स्थापित करने का प्रयत्न किया गया।

7. नेहरू की विदेश नीति को नैतिकतावादी, आदर्शवादी माना जाता है। और उन्होंने इस माध्यम के द्वारा देश के सामाजिक - आर्थिक विकास पर बल दिया और हथियारों पर पैसा खर्च न करके शिक्षा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक उद्यमों की स्थापना के लिए पैसा खर्च किया।

विदेश नीति के विकास का दूसरा चरण :→

1. वर्ष 1962 में चीन के द्वारा भारत पर हमला कर दि गया।
2. 1964 में चीन के द्वारा परमाणु परीक्षण किया ग
3. 1971 में अमेरिका एवं चीन के बीच मित्रता स्थापित हो और इसमें पाकिस्तान की भूमिका उल्लेखनीय थी।

इंदिरा गांधी की विदेश नीति :-

1. इंदिरा गांधी के द्वारा नेहरू की आदर्शवादी, नैतिकतावादी विदेश नीति के स्थान पर यथार्थवादी नीति का पालन किया।
2. विदेश नीति में राष्ट्रीय सुरक्षा को केन्द्रीय महत्व दिया गया। सेनाओं के आकार को कई गुना बढ़ा दिया गया।
3. 1971 में अमेरिकी-चीनी-पाकिस्तानी गठजोड़ का मुकबला करने के लिए भारत एवं सोवियत संघ के बीच शांति एवं मित्रता की संधि सम्पन्न हुई।
4. 1971 में भारत ने पाकिस्तान को बुरी तरह से पराजित किया।
5. 1974 में भारत के द्वारा शांतिपूर्ण परमाणु परीक्षण किया गया।

6. विदेश नीति में अनेक परिवर्तनों के बावजूद देश की आर्थिक व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

7. भारत में सार्वजनिक उद्यमों की प्राथमिकता का सिद्धांत और मिश्रित अर्थव्यवस्था की नीति अपनाई गई।

⇒ विदेश नीति का तीसरा चरण :-

1980 के दशक

घरेलू परिस्थितियाँ | वैश्विक वातावरण

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

घरेलू परिस्थितियाँ

(i) सार्वजनिक उद्यम घाटे मे जाने लगे।

(ii) अर्थव्यवस्था की विकास दर निराशाजनक थी।

(iii) पहली बार 1989 के लोकसभा चुनाव में किसी भी एकदल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला, जिससे देश में राजनीतिक अस्थायित्व की स्थिति उत्पन्न हो गई।

(iv) 1991 में देश की अर्थव्यवस्था के समक्ष भुगतान का संकट आ गया।

वैश्विक वातावरण

(i) 1980 → सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, ताइवान इनकी आर्थिक विकास की दर 16-20% की थी। → Tiger Economy.

(ii) सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था लगातार गर्त में जा रही थी।

(iii) 1991, सोवियत संघ का विघटन → समाजवादी अर्थव्यवस्था का विघटन।

भारत की विदेश नीति में परिवर्तन (1990 के बाद) :-

1. पहली बार भारत में समाजवादी आर्थिक प्रणाली के बजाय उदारीकरण एवं निजीकरण की नीति अपना ली गई।

2. इसलिए विदेश नीति में विचारधारा के बजाए अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश का महत्व बढ़ गया

3. अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों के साथ व्यापार एवं निवेश पर बल दिया गया। इसलिए विदेश नीति में विचारधारा का महत्व कम हो गया।

4. आर्थिक गतिविधियों को प्राथमिक बनाते हुए "पूर्व की ओर देखो" की विदेश नीति की शुरूआत की गई।

5. अमेरिका के साथ आर्थिक एवं सामरिक सम्बंधों को सुदृढ़ करने पर केन्द्रीय बल प्रदान किया गया।

6. विदेश नीति 1990 के दशक में ज्यादा <u>प्रैगमेटिक</u> हो गई और विदेश नीति में सक्रिय यथार्थवाद अपनाया गया।

7. विदेश नीति में सक्रिय यथार्थवाद अपनाते हुए म्यांमार की सैनिक सरकार के साथ संबंध स्थापित कर लिया गया।

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 92

8. 1992 में पहली बार भारत ने इजराइल के साथ भी कूटनीतिक सम्बन्ध स्थापित कर लिया।

9. 1998 में विदेश नीति में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए परमाणु विस्फोट किया गया, जो 1974 के शांतिपूर्ण परमाणु परीक्षण से अलग था।

⇓

उद्देश्य → विश्वसनीय न्यूनतम परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का विकास (Credible minimum Nuclear deterrence)

10. वर्ष 2001 के बाद सीमापार आतंकवाद का मुद्दा विदेश नीति का केन्द्रीय विषय बन गया।

गुट निरपेक्षता की प्रासंगिकता :- → अभिप्राय
→ सवाल क्यों उठा
→ प्रासंगिक है या नहीं

अभिप्राय :-

(i) गुट निरपेक्ष विदेश नीति का मौलिक अभिप्राय स्वतंत्र विदेश नीति है।

(ii) विश्व के प्रत्येक मुद्दों पर उसके गुण और अवगुण के अनुसार प्रतिक्रिया व्यक्त करना।

(iii) समतामूलक शांतिपूर्ण विश्व का लक्ष्य।

सवाल क्यों :-

(i) सोवियत संघ के विघटन के बाद से भी गुट-निरपेक्ष विदेश नीति पर निरंतर सवाल उठाए जा रहे हैं,

क्योंकि गुट ही नहीं तो कैसी गुट निरपेक्षता?

(ii) विदेश नीति में प्रत्येक राज्य अपने हितों को बढ़ाने के लिए कार्य करता है। इसलिए गुट निरपे मंच से भारत के लिए कोई सीधा लाभ नहीं मिल

प्रासंगिक है या नहीं

यदि गुट-निरपेक्ष विदेश नीति का मूल मर्म स्वतंत्र विदेश नीति है तो यह कभी अप्रासंगिक नहीं हो सकती और स्वतंत्र विदेश नीति को ही वर्तमान में सामरिक स्वायत्तता (strategic autonomy) भी कहा जाता है। जिसके अनुसार भारत किसी महाशक्ति का पिछलग्गू नहीं होगा और अपने निर्णय किसी से निर्देशित होकर नहीं करेगा।

विचारकों ने कहा कि साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन के रूप में इसका महत्व कम हो सकता है परन्तु विश्व में अभी भी आर्थिक विषमता बनी हुई है, जिस संदर्भ में विकासशील देशों के सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है। इसलिए यह प्रासंगिक प्रतीत होता है।

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

परमाणु अप्रसार संधि (Nuclear Non Proliferation Treaty)

→ NPT संधि 1968 में हुई और इसे 1970 से लागू किया। इस संधि में यह उल्लिखित है कि जिन राज्यों ने 1 Jan. 1968 से पहले परमाणु परीक्षण किया हो, उन्हें परमाणु शक्ति सम्पन्न देश कहा जाएगा।

- अमेरिका
- रूस
- ब्रिटेन
- फ्रांस
- चीन

= Nuclear-5

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

→ ये 5 देश किसी भी अन्य देश को परमाणु हथियारों का प्रसार नहीं करेंगे।

→ 5 परमाणु शक्ति सम्पन्न देश अन्य राज्यों के लिए परमाणु तकनीक और ईंधन प्रदान कर सकते हैं।

Conditions:-

(a) इसका प्रयोग शांतिपूर्ण होना चाहिए।

(b) उस राज्य ने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर कर दिया हो।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी (International Atomic Energy Agency) → परमाणु संयंत्रों की निगरानी।

NSG क्या है?

NSG - Nuclear supplier Group - परमाणु आपूर्तिकर्ता

→ यह 1975 में गठित किया गया, जिसमें वर्तमान में 48 सदस्य हैं।

→ इस समूह का निर्माण परमाणु प्रसार को प्रतिबंधित करने के लिए किया गया है। जिसके अनुसार NSG के सदस्य उन्हीं राज्यों को परमाणु ईंधन और तकनीक प्रदान करेंगे, जिन्होंने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर कर दिया है।

→ NSG का सदस्य वही देश हो सकता है जिसने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर कर दिया है

→ वर्ष 2008 में भारत-अमेरिका "सिविल परमाणु समझौते" के बाद NSG के सदस्यों के द्वारा भारत को <u>विशेष छूट</u> प्रदान कर दी गई। जिसके अनुसार भारत विश्व का एकमात्र देश है जिसने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है, फिर भी उसे परमाणु तकनीक और परमाणु ईंधन प्राप्त हो रहा है।

भारत की सदस्यता का मुद्दा :→

1. NSG में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस जैसे देश भारत की सदस्यता के समर्थक हैं।

2. परमाणु आपूर्ति कर्ता समूह के छोटे देशों में स्वीटजरलैण्ड, आयरलैण्ड, ऑस्ट्रिया जैसे देशों के द्वारा भारत की सदस्यता का विरोध किया गया, इनका विरोध भारत से नहीं है बल्कि ये परमाणु प्रसार के विरोधी है।

3. NSG में चीन के द्वारा भारत की सदस्यता का सीधा विरोध किया जा रहा है। चीन के अनुसार भारत ने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है, इसलिए पहले NSG के द्वारा एक सुनिश्चित प्रक्रिया का निर्माण होना चाहिए जिसमें उन देशों की सदस्यता के मानक का निर्धारण हो सके जिन्होंने NPT पर हस्ताक्षर नहीं किया है।

परमाणु अप्रसार और NSG में भारत की सदस्यता :-

1. आयरलैण्ड, ऑस्ट्रिया जैसे NSG के सदस्य भारत की सदस्यता को परमाणु हथियारों के प्रसार में सहायक मानते हैं।

2. परमाणु अप्रसार समर्थक देश भारत के उस विशेष दर्जे के भी विरोधी हैं जिसके अनुसार भारत को NPT पर हस्ताक्षर किए बिना परमाणु तकनीक एवं ईंधन प्राप्त हो रहा है।

3. भारत के पास परमाणु हथियार हैं परन्तु भारत किसी भी प्रकार संधि अथवा समूह का भाग नहीं है। इसलिए भारत की सदस्यता से प्रसार में सहायता मिलेगी।

4. भारत के द्वारा किसी भी देश के लिए परमाणु तकनीक अथवा ईंधन का अवैध लेन-देन नहीं किया गया है, जिसके कारण भारत को एक उत्तरदायी राज्य माना जाता है।

5. भारत की सदस्यता से भारत को परमाणु बिजली उत्पादन के लिए ज्यादा संसाधन सुलभ रूप उपलब्ध होंगे। इसलिए इस समूह की सदस्यता से परमाणु प्रसार नहीं बढ़ेगा।

D. K. PHOTOSTAT
(M) 9268098159
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

NSG → भारत और चीन :→

1. अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों के द्वारा भारतीय सदस्यता के समर्थन से भारत विश्व राजनीति में शक्तिशाली बनकर उभरेगा।

2. चीन NSG का सदस्य होने के बावजूद पाकिस्तान को परमाणु रिएक्टर की स्थापना में सहयोग कर रहा है, जबकि पाकिस्तान ने भी NPT पर हस्ताक्षर नहीं किया है।

3. चीन पाकिस्तान की सदस्यता का समर्थक है। चीन का मानना है कि यदि भारत सदस्य हो गया तो पाकिस्तान की सदस्यता प्रभावित हो जाएगी, क्योंकि NSG का निर्णय आम सहमति से ही किया जाता है।

4. चीन की चिन्ता परमाणु प्रसार को लेकर नहीं है बल्कि भारत की सदस्यता को लेकर है।

NSG की सदस्यता से भारत को लाभ :→

1. NSG की सदस्यता के बाद भारत को NSG के सभी सदस्यों के साथ अलग-अलग समझौते करने की आवश्यकता नहीं होगी।

2. NSG के प्रावधानों में भविष्य में होने वाले परिवर्तनों में भी भारत की भूमिका निर्णायक होगी।

3. विश्व में भारत को एक उत्तरदायी राज्य का दर्जा प्राप्त होगा।

4. वर्तमान में भारत को उपलब्ध विशेषाधिकारों की आलोचना करने का अवसर किसी भी देश को नहीं मिलेगा।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Co... ...ility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

सदस्यता की संभावना :-

1. NSG के सदस्यों में कई ऐसे देश हैं जिन्होंने NSG की सदस्यता के बाद परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किया। जिसमें फ्रांस उल्लेखनीय है।

2. इससे यह प्रतीत होता है कि NSG की सदस्यता के लिए NPT पर हस्ताक्षर अनिवार्य नहीं है।

2. परमाणु अप्रसार संधि और NSG दोनों अलग-अलग हैं। क्योंकि NSG देशों का एक अनौपचारिक समूह है जिसकी सदस्यता के लिए किसी संधि पर हस्ताक्षर करना आवश्यक प्रतीत नहीं होता।

4. NSG के ज्यादातर सदस्य भारत की सदस्यता के समर्थक हैं। इसलिए सदस्यता मिलने की प्रबल संभावना है।

D. K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY 9268098159

मोदी सरकार की विदेश नीति

1. देश की विदेश नीति राष्ट्रीय हितों के द्वारा निर्धारित होती है और सरकार बदलने से राष्ट्रीय हितों में परिवर्तन नहीं होता।

2. 1984 के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार 16 वीं लोकसभा चुनाव में किसी एक दल को लोक सभा में पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ, और नरेन्द्र मोदी का उभार एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री के रूप में देखा गया। जिसके प्रभाव विदेश नीति में स्पष्ट रूप में दिखते हैं, जो निम्नलिखित हैं—

(i) भारत के द्वारा विदेशों के साथ किए गए समझौतों और आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में अत्यधिक विलम्ब किया जाता रहा है। वर्तमान सरकार ने इसे त्वरित और तात्कालिक रूप में क्रियान्वित करने पर बल दिया है।

(ii) इसलिए वर्तमान विदेश नीति को "फास्ट ट्रैक" विदेश नीति के रूप में देखा जा सकता है।

(iii) प्रधानमंत्री के द्वारा फ्रांस के साथ रक्षा समझौतों को क्रियान्वित करने के लिए हस्तक्षेप किया गया। उन्होंने विदेशों में रहने वाले भारतीयों (~~डा~~स्पोरा) के साथ सीधे संबंध स्थापित करके भारत की सकारात्मक छवि निर्मित करने का प्रयत्न किया और भारत को विश्व के निवेश के लिए बेहतर देशों की सूची में खड़ा कर दिया।

(iv) विदेश नीति में पड़ोसी देशों को महत्व प्रदान करते हुए 17 साल बाद इस भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा हुई और 28 वर्षों बाद श्रीलंका की यात्रा की गई और अचानक एवं बिना बताए पाकिस्तान की यात्रा की। जिससे विदेश नीति गतिशीलता और सक्रियता दिखती है।

(v) सांस्कृतिक कूटनीति के द्वारा भारत के सॉफ्ट पावर को बढ़ाने का प्रयत्न किया गया तथा Look East नीति को Act East नीति में परिवर्तित ~~कराया~~ गया।

विदेश नीति में परिवर्तन गुणात्मक है या मात्रात्मक ?

1. सरकार के द्वारा क्रियान्वित सभी नीतियाँ 1991 के बाद शुरू की गई थी।

2. अर्थ की प्रधानता नरसिंहा राव ने प्रारंभ किया पडोसी पहले की नीति गुजराल की शुरूआत गुजराल ने की तथा डायस्पोरा के संबंध में नीति निर्माण वाजपेयी सरकार ने किया था। इसलिए वर्तमान सरकार की नीतियों में परिवर्तन मूलत: शैली का है, परन्तु यह इतना प्रभावशाली है कि स्पष्ट रूप में दिखता है।

Q.1. गुट निरपेक्ष विदेश नीति का मूल अभिप्राय स्पष्ट कीजिए और वर्तमान में किन कारणों से इसकी प्रासंगिकता पर प्रश्न उठाए जा रहे हैं?

Q.2. NSG की सदस्यता को लेकर भारत और चीन के बीच विवाद सैद्धांतिक नहीं है बल्कि शक्ति संतुलन के विचार से जुड़े हुए हैं।

Q.3. विदेश नीति के निर्माण में प्रधानमंत्री की बढ़ती भूमिका कहाँ तक उचित है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजि

Q.3. Ans. :-

① भारत में विदेश नीति के निर्माण का मूल दायित्व विदेश मंत्रालय का है।

② भारत में संसदीय शासन की प्रणाली है, जिसमे निर्णय मंत्रिमंडल के द्वारा किया जाता है, जिसका प्रधान प्रधानमंत्री होता है। इसलिए विदेश नीति निर्माण में भी प्रधानमंत्री की निर्णायक भूमिका होती है।

③ वर्तमान सरकार में प्रधानमंत्री यह भूमिका ज्यादा प्रभावी दिखाई देती है, क्योंकि प्रधानमंत्री राजनीतिक रूप में अत्यधिक शक्तिशाली है।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Course Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

eg. 1, 2 - - -

निष्कर्ष :- प्रधानमंत्री कार्यालय अत्यधिक प्रभावशाली है परन्तु यह कहना तार्किक नहीं है कि विदेश मंत्रालय की भूमिका अप्रासंगिक हो गई है, बल्कि प्रधानमंत्री कार्यालय की भूमिका प्राथमिक हो गई है।

राष्ट्र और राज्य में अंतर

Nation शब्द लैटिन शब्द "नेशियो" से निर्मित है जिसका अर्थ है जन्म या प्रजाति। इसमें भाषा, धर्म और संस्कृति की एकता हो सकती है।

राष्ट्र हमारी एक सामूहिक पहचान है जो भाषा, धर्म, संस्कृति आदि से मिलकर बनती है। यह सामूहिक पहचान भावनात्मक / मनोवैज्ञानिक होती है।

राज्य (State)

राज्य एक अमूर्त संकल्पना है। जिसमें बनने वाली सरकार मूर्त है। यहाँ सरकार का मतलब सेना, प्रशासन, से है। भारत एक राष्ट्र है जिसका एक संविधान है, जिसकी नागरिकता है।

राज्य एक वैधानिक संकल्पना है।

सामान्य राष्ट्र और राज्य को समानार्थक के रूप में देखते हैं यद्यपि इनमें तकनीकी अंतर है।

भारत की पड़ोसी देशों के प्रति नीति

Que. भारत की पड़ोसी देशों के साथ संबंध के परिप्रेक्ष्य में गुजराल सिद्धांत की उपयोगिता को स्पष्ट कीजिए।

गुजराल सिद्धांत

1. भारत के द्वारा छोटे पड़ोसी देशों (चीन और पाकिस्तान को छोड़कर) को ~~छोड़कर~~ भारत के द्वारा एक तरफा छूट दी जाएगी।

D. K. PHOTO COURIER FACILITY (M) 9250...

और छोटे पड़ोसी देशों के साथ बराबरी का व्यवहार नहीं करना चाहिए

2. कोई भी पड़ोसी देश दूसरे के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

3. कोई भी पड़ोसी देश अपनी भूमि का प्रयोग दूसरे के विरुद्ध नहीं करेगा।

4. पड़ोसी देशों के साथ विद्यमान सभी विवादों को शांतिपूर्ण एवं द्विपक्षीय रूप में हल किया जाएगा।

5. सभी पड़ोसी एक-दूसरे की सम्प्रभुता का सम्मान करेंगे तथा एक-दूसरे की प्रादेशिक एकता एवं अखंडता की भी रक्षा करेंगे।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Cou... ...cility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

विश्लेषण :-

1. भारत का आकार एक उपमहाद्वीपीय है जबकि नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालद्वीप जैसे पड़ोसी देशों के आकार एवं शक्ति अत्यधिक कम है। इसलिए आर्थिक एवं तकनीकी रूप में पड़ोसियों को एक तरफा छूट देनी चाहिए। यह छूट आतंकवाद और सुरक्षा के मामले में उपलब्ध नहीं होगी। भारत के विकास के लिए पड़ोस की सीमाएँ शांत होनी ~~ह~~ चाहिए।

2. गुजराल सिद्धांत में छोटे पड़ोसियों के अलावा चीन और पाकिस्तान को भी ध्यान में रखा गया है। सिद्धांत में यह उल्लेखित है कि सभी पड़ोसियों के साथ विवादों का समाधान शांतिपूर्ण और द्विपक्षीय रूप में होना चाहिए, जिसका अभिप्राय है कि पड़ोसी देशों के साथ विवादों के समाधान में किसी तीसरे देश को शामिल करने की आवश्यकता नहीं है।

3. कोई भी देश अपनी भूमिका का प्रयोग करके दूसरे के विरुद्ध आतंकवाद का बढ़ावा नहीं देगा। और सभी राज्य समान हैं और संप्रभु हैं इसलिए दूसरे राज्यों के मामलों में हस्तक्षेप नहीं होगा।

निष्कर्ष :-

गुजराल सिद्धांत पड़ोसी देशों के साथ संबंध निर्माण में एक निर्णायक मोड़ माना जाता है, जिसका प्रयोग वर्तमान सरकार 'पड़ोसी पहले' के रूप में कर रही है।

D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

गुजराल सिद्धांत की आलोचना :-

1. इन्द्रकुमार गुजराल के पहले भी छोटे पड़ोसियों को एक तरफा छूट दी गई थी। 1975 में भारत ने नेपाल को बांग्लादेश को 3 बीघा गलियारा पट्टे पर

दिया था तथा श्रीलंका को कच्चातिवु द्वीप प्रदान किया गया था।

2. छोटे पड़ोसी देशों को एक तरफा घूट देने से भारत को कमजोर मान लिया जाता है और एक तरफा घूट देने के बदले में भारत को लाभ होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

भारत का पड़ोसी देशों के साथ सम्बंध

भारत-नेपाल सम्बंध

D.K. PHOTO COURIER FACILITY (M) 9268098159

⇒ मित्रतापूर्ण मधुर सम्बंधों का दौर।

① 1947 — 1955

(i) नेपाल का सम्बंध केवल भारत के साथ
(ii) नेपाल एकमात्र हिन्दू राज्य था
(iii) नेपाल में राजतंत्रीय शासन था।

② 1956 — 1990

(i) नेपाल ने चीन के साथ बना लिया।

③. 1990 के बाद नेपाल में बहुदलीय लोकतंत्र की स्थापना हुई लेकिन महाराजा बना रहा।

पक्षा दल → नेपाली कांग्रेस
दूसरा दल → कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (मार्क्सवादी - लेनिनवादी)

तीसरा दल → कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी)

चौथा दल → मधेसी लोकतांत्रिक मोर्चा

2005 में नेपाल में लोकतंत्र की समाप्ति और आपातकाल की घोषणा कर दी गई।

D. K. PHOTOSTAT (M) 9268098159
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

2007 नए नेपाल का उदय

(i) पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणतांत्रिक, समाजवादी सम्प्रभु।

नेपाल का नवीन संविधान और उस पर विवाद

1. नेपाल के द्वारा संसदीय संघात्मक शासन अपनाया गया
2. नेपाली संविधान में स्थानीय शासन का विचार भी अपनाया गया।
3. नेपाल एक छोटा देश है परंतु अनेक प्रकार की सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विषमता विद्यमान है। पहाड़ी और मधेसी समुदाय के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक विषमता है। थारू जनजातियों को शासन प्रशासन में न्यूनतम प्रतिनिधित्व है और मधेसी समुदाय का प्रशासन, सेना एवं राजनीति में अत्यधिक न्यूनतम प्रतिनिधित्व है।
4. इसी समस्या को हल करने के लिए नेपाल में नृजातीय संघीय शासन का निर्माण किया गया।

संविधान पर आपत्ति :→





1. वर्तमान में नेपाल में 7 राज्यों वाला संघीय संविधान निर्मित किया गया है और प्रत्येक राज्य में पहाड़ी, तराई और मैदानी तीनों ही भागों को शामिल कर लिया गया है। जिससे मधेसी प्रत्येक प्रांत में अल्पमत में हो गए और वे अपने लिए दो पृथक राज्यों की मांग कर रहे हैं।

2. नेपाली संविधान में संसदीय सीटों का निर्धारण भौगोलिक आधार पर किया गया, जनसंख्या के आधार पर नहीं।

3. नेपाल में नागरिकता के नए प्रावधान के अंतर्गत वह व्यक्ति संवैधानिक पदों पर नहीं बैठ सकता, जिसके माता-पिता नेपाल के नागरिक न हो।

मधेसियों की मांग :→

1. दो पृथक राज्य मिलने चाहिए।
2. मधेसी नेपाल के संसद के उच्च सदन में जनसंख्या के अनुसार राज्यों के प्रतिनिधित्व की मांग कर रहे हैं।

3. मधेसियों ने राजनीति, प्रशासन और सेना में सम्
पदों के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व (आरक्षण) की
मांग की है।

*. <u>नेपाल की नवीन सरकार एवं संवैधानिक समस्या:→</u>

1. नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता का दौर बना हुआ
और माओवादी दल के नेता प्रचण्ड नए प्रधानमंत्री
बने हैं। उन्हें नेपाली कांग्रेस का समर्थन है और

2. इस सरकार को मधेसियों का भी समर्थन प्राप्त है। इससे
यह प्रतीत होता है कि नेपाल की संवैधानिक समस्या
का समाधान हो जाएगा।

3. यद्यपि यह उल्लेखनीय है कि संविधान संशोधन के लि
संसद में 2/3 बहुमत की आवश्यकता होगी जो बिना
मार्क्सवादी दलों के समर्थन के संभव नहीं है।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

<u>भारत पर प्रभाव:→</u>

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली के कार्यकाल के दौरान
भारत-नेपाल संबंध ऐतिहासिक रूप में
निम्नतम बिन्दुओं पर पहुँच गया। तेल पास के लिए
भारत पर निर्भरता को समाप्त करते हुए ओली ने
चीन के साथ तेल व्यापार का समझौता कर लिया।

2. उन्होंने चीन के साथ सैनिक और सामरिक संबंधों पर भी बल दिया & जबकि भारत विरोध को उच्चतम स्तर पर बढ़ा दिया।

3. उन्होंने नेपाल की आंतरिक समस्या से दुनिया का ध्यान हटाने के लिए नेपाल की नाकेबंदी के लिए सीधा भारत को उत्तरदायी ठहराया।

4. वर्तमान प्रधानमंत्री प्रचण्ड नेपाल के साथ भारत और चीन के सम्बंधों को संतुलित करने का प्रयत्न कर रहे हैं और प्रचण्ड यह जानते हैं कि चीन के साथ संबंध सुदृढ़ करने का अभिप्राय भारत का विरोध नहीं है, बल्कि दोनों के साथ समानांतर संबंधों का विकास किया जा सकता है।

5. प्रचण्ड और नेपाली कांग्रेस के बीच भले ही वैचारिक समानता न हो परंतु शासन में सहभागिता के द्वारा वे आपस में सहयोग कर सकते हैं तथा भारत-नेपाल के संबंध पुनः बेहतर होने के आसार हैं।

भारत की रणनीति :→ किस प्रकार की होनी चाहिए?

1. नेपाल में अब लोकतांत्रिक शासन है, जहाँ विभिन्न राजनीतिक दलों की शासन में सहभागिता है। इसलिए शासन में भागीदार सभी दलों के साथ सम्बंध बेहतर करना चाहिए।

2. नेपाल के आर्थिक विकास के लिए नेपाल को ज्यादा से ज्यादा सहायता प्रदान करना।

3. नेपाल में वियमान भारत विरोध को कम करने के लिए चेक-2 कूटनीति को बढ़ावा देना।

4. भारत-नेपाल के बीच सम्पन्न जल विद्युत परियोजना को त्वरित क्रियान्वित करने पर बल देना।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

→ कोलकाता से ढाका होकर त्रिपुरा जाने में दूरी घटकर 350 Km हो जाती है।

→ वर्ष 2016 में भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल के बीच मोटर वाहन का समझौता हुआ, जिसके अंतर्गत कोलकाता से त्रिपुरा के बीच बस यात्रा की शुरुआत हुई जो ढाका होकर जाएगी। इसे हम BBIN (बांग्लादेश, भूटान, India, नेपाल) के नाम से जानते हैं। और दूसरा गोवाहाटी से ढाका बस यात्रा आरंभ की गई।

→ वर्तमान में भारत-बांग्लादेश के बीच मधुर होते संबंधों का ही प्रमाण है कि भारत के सामान को उत्तरी-पूर्वी राज्यों में ढुलाई के लिए बांग्लादेश के मुंग्ला और आसुगंज पत्तन का उपयोग किया जा रहा है।

→ दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा द्विपक्षीय व्यापारिक भागीदार बांग्लादेश है। (6.5 Billion dollar)। और इसी व्यापार को और बेहतर करने के लिए अगस्त 2016 में पेट्रो-पोल बेना-पोल एकीकृत चेकपोस्ट का निर्माण किया गया।

→ बांग्लादेश के द्वारा सैद्धांतिक रूप में भारत को पारगमन मार्ग की सुविधा देने की घोषणा कर दी है जिसे लागू करना शेष है।

→ भारत के निजी क्षेत्रों रिलायंस और अडानी के द्वारा बांग्लादेश में बिजली उत्पादन के लिए निवेश का समझौता किया गया है।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

भारत-बांग्लादेश संबंध और आंतरिक सुरक्षा की चुनौती :

1. भारत की सबसे लम्बी सीमा बांग्लादेश के साथ मिलती है और अभी-भी पूरी सीमा पर बाड़ का अभाव है।
2. दोनों के बीच सीमा के निकटवर्ती क्षेत्रों में बड़ी जनसंख्या होने के कारण नदियों के प्रवाह की वजह से और लगभग 6 Km सीमा पर सीमा के सीमांकन के अभाव में घुसपैठी आसानी से भारत में प्रवेश कर जाते हैं।
3. उत्तरी-पूर्वी प्रांतों में कार्य करने वाले उग्रवादी संगठन जैसे उल्फा (ULFA), नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रण्ट ऑफ बोडोलैण्ड बांग्लादेश में प्रवेश करते हैं तथा जमायते मुजाहिदीन बांग्लादेश जैसे संगठन भारत में आकर बम विस्फोट करता है।

म्यांमार → बर्मी (बौद्ध धर्मावली)
म्यांमार → रोहिंग्या

4. म्यांमार से आने वाले रोहिंग्याई बांग्लादेश होते हुए भारत में प्रवेश कर जाते हैं और बिहार के बोध गया में ~~स्नेह~~ बम विस्फोट शामिल होने के आरोप हैं।

5. उत्तरी पूर्वी राज्यों में अभय ~~मुख्य~~ घुसपैठ के कारण जननांकीय आंकड़े में भारी परिवर्तन हो रहे हैं और ~~भी~~ यहां के स्थानीय निवासी अल्पसंख्यक बनते जा रहे हैं। बोडोलैण्ड में होने वाली निरंतर हिंसा के पीछे अवैध घुसपैठ बहुत बड़ा कारण है और उत्तरी-पूर्वी राज्यों में ~~यह~~ असम, त्रिपुरा में यह समस्या भीषण बन गई है।

6. बांग्लादेश में आर्टिसन बेकरी पर आतंकवादी हमले से धार्मिक कट्टरवाद के बढ़ने के उदाहरण दिखाई देते हैं जो भारत की सुरक्षा के लिए दूरगामी खतरा पैदा करते हैं।

इस आंतरिक समस्या की चुनौती को हल करने के उपाय:→

1. बांग्लादेश एक गरीब और पिछड़ा राज्य है और अवैध घुसपैठ का एक बड़ा कारण आर्थिक है क्योंकि लोग रोजगार के लिए भारत में प्रवेश करते हैं।

2. इसीलिए बांग्लादेश के आर्थिक विकास हेतु भारत बांग्लादेश को आर्थिक सहायता प्रदान कर रहा है, जिससे बांग्लादेश में विकास हो और लोगों को रोजगार मिल सके।

3. भारत-बांग्लादेश सीमा के सभी भागों पर जल्द से जल्द बाड़ लगाने का कार्य पूरा किया जाये।

4. सीमा पर बाजार हाट का बेहतर प्रबंध, जिससे लोग अपनी आवश्यकता की वस्तुएँ खरीदने के लिए सीमा का अतिक्रमण न करें।

5. 1971 के बाद भारत में आए अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को बांग्लादेशी सरकार के साथ बातचीत के माध्यम से उन्हें वापस भेजा जाए।

D. K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

समस्या के समाधान में समस्या :-

1. उत्तरी-पूर्वी राज्यों के निवासी घुसपैठियों के विरोधी हैं लेकिन उनका श्रमिकों के रूप में खूब प्रयोग करते हैं।

2. बांग्लादेश से आने वाले अवैध घुसपैठियों में ज्यादातर ने अपना मतदान पहचानपत्र और आधार कार्ड बनवा लिया है जिससे उनको निकालना एक व्यावहारिक कठिनाई है।

3. राजनीतिक दलों के बीच शरणार्थियों और अवैध घुसपैठियों के मुद्दे पर विवाद बना हुआ है।

बांग्लादेश में बढ़ता धार्मिक कट्टरवाद

1. वर्तमान सरकार के द्वारा संविधान संशोधन करके पंथनिरपेक्ष मूल्यों को बदल करने का प्रयास किया गया है।
2. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण के द्वारा कट्टरवादी दल जमायते इस्लामी के कार्यकर्ताओं को कठोर सजाएँ दी गई।
2. बांग्लादेश की न्यायपालिका ने जमायती इस्लामी को निर्वाचन में भाग लेने से भी प्रतिबंधित कर दिया।
4. दूसरी ओर धार्मिक कट्टरवादी अल्पसंख्यकों पर हमले कर रहे हैं और नास्तिक व्यक्तियों पर भी हमले किये जा रहे हैं।
5. ढाका में होने वाला ISIS का हमला धार्मिक कट्टरवाद के प्रभावी होने का उदाहरण है और यह हमला वास्तविक रूप में लोकतंत्र और पंथनिरपेक्ष विचारधारा पर होने वाला हमला है।

भारत में इसका प्रभाव

1. धार्मिक कट्टरवाद की वृद्धि भारत के पंथनिरपेक्ष लोकतांत्रिक विचारधारा के लिए गहरी चुनौती है। क्योंकि भारत में भी पंथनिरपेक्ष विचारधारा को चुनौती मिल रही है।

2. बंग्लादेश में धार्मिक कट्टरवाद बढ़ने के साथ पाकिस्तान का प्रभाव बंग्लादेश में स्वाभाविक रूप में बढ़ जाता है, जो भारत के लिए एक सामरिक चुनौती है।

3. बांग्लादेश में राष्ट्रवादी एवं धार्मिक कट्टरवादियों के संघर्ष से राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है जिससे अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी और भारत में घुसपैठियों की संख्या बढ़ेगी।

तिस्ता नदी जल विवाद

1. तिस्ता नदी ब्रह्मपुत्र एवं गंगा के बाद दोनों के बीच बहने वाली सबसे बड़ी नदी है।

2. तिस्ता के जल-विभाजन के संबंध में 1983 में एक अस्थायी समझौता किया गया था। जिसके अनुसार भारत को नदी के पानी के 39%, बांग्लादेश को 36% और शेष 25% मुक्त प्रवाह के लिए छोड़ दिया गया

2. वर्तमान में नदी जल-विभाजन के लिए भारत ने एक वैकल्पिक फार्मूला दिया है जिसके अनुसार भारत को 42.5%, बांग्लादेश को 37.5% और 20% पानी मुक्त प्रवाह के लिए छोड़ा जाएगा।

तिस्ता जल विवाद का मूल कारण :→

1. बांग्लादेश में शेख हसीना भारत को छूट प्रदान करके अपनी राजनीतिक शक्ति को कमजोर नहीं करना चाहती। क्योंकि BNP (बांग्लादेश बांग्लादेशी नेशनलिस्ट पार्टी) शेख हसीना पर यह आरोप लगाती है कि वह भारत समर्थन के नाम पर बांग्लादेशी हितों के साथ समझौता कर रही है।

2. भारत एक संघीय शासन वाला देश है जहाँ जल एक राज्य सूची का विषय है और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के द्वारा समझौते का समर्थन नहीं किया जा रहा है।

निष्कर्ष :→ बांग्लादेश छोटा पड़ोसी देश है इसलिए वे पानी विभाजन में सहुलियत दी जा सकती है यह

उल्लेखनीय है कि भारत को पारगमन रास्ता मिलने से अत्यधिक लाभ होगा और राष्ट्रीय हितों को क्षेत्रीय हितों की तुलना में प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।



D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

भारत के बांग्लादेश में हित

1. वर्तमान में भारत के द्वारा 'एक्ट ईस्ट' नीति का प्रयोग किया जा रहा है। इसलिए दक्षिणी-पूर्वी एशियाई देशों के साथ संपर्क संचार के लिए बांग्लादेश का प्रभावी प्रयोग किया जा रहा है।

2. बांग्लादेश की सीमा असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम के साथ मिलती है जो भारत की सुरक्षा की दृष्टि से सबसे संवेदनशील माने जाते हैं। इसलिए बांग्लादेश का भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए निर्णायक महत्व है।

3. दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा द्वीपक्षीय व्यापार बांग्लादेश के साथ है।

4. बांग्लादेश के साथ प्राप्त होने वाली कनेक्टिविटी की सुविधा से प० बंगाल से पूर्वोत्तर राज्यों में प्रवेश अत्यधिक

आवश्यक हो जाता है। जो पूर्वोत्तर राज्यों के विकास में सहायक है।

Que:

शाहबाग स्क्वायर (चौक) में होने वाला संघर्ष बांग्लादेश में राष्ट्रवादी तथा धार्मिक कट्टरतावादियों के बीच (इस्लामी शक्तियों के बीच) मौलिक मतभेद उजागर किया है। भारत के लिए इसके महत्व को बताइये।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159.

Ans

राष्ट्रवादी	इस्लामी	भारत के लिए महत्व
→ बांग्लादेश का निर्माण भी राष्ट्रवादी, पंथनिरपेक्ष ताकतों के द्वारा किया गया है। ~~भारत~~	↓ इनको दण्ड देने से इन्होंने पंथनिरपेक्ष के खिलाफ कार्य किए ⇓ शाहबाग चौक आन्दो	⇓ इस्लामी शक्ति बनने से भारत के लिए रणनीतिक खतरा उत्पन्न होगा।
→ भारत में पंथनिरपेक्ष दल का नाम अवामी लीग है।	· राष्ट्रवादी कट्टरपंथीयों को मृत्युदण्ड	· राष्ट्रवादी शक्ति बांग्लादेश में होने पर → भारत के साथ संबंध अच्छे बनेंगे।
→ 1971 में युद्ध / अपराध किया था उन्हें (इस्लामी) दण्डित किया गया था।	· जमाते इस्लामी के द्वारा विरोध किया गया	· इस्लामी शक्ति होने पर भारत के साथ छोटे-2 मुद्दों पर विवाद होगा।

Que भारत और बांग्लादेश के बीच बेहतर सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक सहयोग के बावजूद बांग्लादेश में राष्ट्रवाद का प्रभावशाली होना अपने-आप भारत विरोधी बन जाता है।

Que नेपाल में चीन के किस प्रकार के हित हैं? और चीन ~~के~~ का नेपाल में बढ़ता प्रभाव भारत ~~के लिए~~ के लिए सुरक्षा की किन प्रमुख चुनौतियों को प्रस्तुत करता है?

Ans. तिब्बत का स्थायित्व
चीन का व्यापार
चीन के हथियारों का निर्यात

D. K. PHOTOSTAT
(M) 9268098159
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

D. K. PHOTOSTAT
(M) 9268098159
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

भारत – श्रीलंका

1. श्रीलंका भारत का निकटवर्ती पड़ोसी है। इसके अतिरिक्त श्रीलंका हिन्द महासागर में स्थित अत्यधिक महत्वपूर्ण समुद्री संचार मार्ग पर स्थित है।

2. हिन्द महासागर में चीन का बढ़ता प्रभाव तथा चीन एवं श्रीलंका के बीच होने वाले सामरिक समझौते से भारत के लिए सुरक्षा का स्वाभाविक खतरा उत्पन्न होता है।

3. श्रीलंका को भारत से सुरक्षा का मनोवैज्ञानिक खतरा बना रहता है।

4. श्रीलंका और भारत के बीच की भौगोलिक दूरी 12 नॉटिकल मील से लगभग 20 नॉटिकल मील की है।



D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

श्रीलंका में समस्या की उत्पत्ति?

(i) जब तक श्रीलंका में ब्रिटिश सरकार थी वहाँ आधुनिक भाषा → अंग्रेजी, तमिल, सिंहली थी।

(ii) श्रीलंकाई सरकार ने नागरिकता का नया कानून बनाया। जिससे पूर्वी प्रांत में रहने वाले तमिल नागरिकता से विहीन हो गए।

(iii) 1956 में श्रीलंकाई सरकार ने भाषायी कानून बनाया जिसमें केवल सिंहली को आधिकारिक भाषा बनाया और अंग्रेजी, एवं तमिल को आधिकारिता से बाहर रखा। इस कानून से पूर्वी प्रांत और उत्तरी प्रांत रह. में रहने वाले लोग प्रभावित हुए।

इस

(iv) परिणाम स्वरूप तमिलों ने शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू किया और स्वायत्तता की मांग की। यह मांग सांस्कृतिक थी। इस समस्या के परिणाम स्वरूप L.T.T.E की स्थापना हुई। जिसके नेता प्रभाकर थे जिन्होंने पृथक राज्य की मांग की. जो भी हिंसात्मक तरीके से।

⇒ तमिल समस्या (नृजातीय समस्या)

श्रीलंका की तमिल समस्या के समाधान के लिए भारत-श्रीलंका के बीच 1987 में एक ऐतिहासिक समझौता किया गया, जिसमें श्रीलंकाई संविधान के दायरे में तमिलों को स्वायत्तता प्रदान करने का प्रयत्न किया गया।

(i) तमिलों को स्वायत्तता देने के लिए पहली बार श्रीलंका में 9 प्रांतीय सरकारों के निर्माण की घोषणा की गई, जिसमें उत्तरी और पूर्वी प्रांत तमिलों के लिए बनाये जायेंगी जाएंगे।

(ii) इन प्रांतों को शासन के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, कृषि, भूमि, और पुलिस जैसे विषय हस्तांतरित किए गये। जिससे श्रीलंकाई संविधान में 13वें संविधान संशोधन के रूप में शामिल कर लिया गया।

⇒ 13वाँ संविधान संशोधन एवं श्रीलंका में तमिलों की समस्या :→

श्रीलंकाई सरकार का तर्क :→

(i) श्रीलंकाई सरकार का तर्क है कि श्रीलंका में मूल समस्या आतंकवाद की थी और L.T.T.E. की समाप्ति के बाद

नृजातीय समस्या अपने - आप समाप्त हो गई

(ii) श्रीलंकाई सरकार तमिलों के पुनर्वास और तमिल क्षेत्रों के विकास पर बल दे रही है।

(iii) सरकार के द्वारा सभी प्रांतों में उत्तरी एवं पूर्व प्रांत सहित निर्वाचन सम्पन्न करा दिये गये हैं।

(iv) वर्तमान ~~श्री सेना~~ सिरीसेना सरकार को तमिल समुदाय का समर्थन भी प्राप्त है और सरकार ने मानव अधिकार उल्लंघन की जांच का आश्वासन भी दिया है।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

तमिलों का तर्क ⇨

(i) तमिलों के अनुसार श्रीलंकाई समस्या का मूल कारण तमिल अल्पसंख्यकों के साथ भेद भाव था जिसके परिणामस्वरूप आतंकवाद उत्पन्न हुआ। इसलिए L.T.T.E. के खात्मे से तमिलों की स्वायत्तता का मुद्दा हल नहीं हुआ।

(ii) तमिल प्रांतीय सरकारों को भूमि एवं पुलिस विषय भी हस्तांतरित करने की मांग कर रहे हैं, जिसके बिना 13वां संविधान संशोधन अधूरा है।

(iii) तमिलों के अनुसार श्रीलंकाई सरकार और LTTE के बीच हुए हिंसक संघर्ष के दौरान जिन 40 हजार से ज्यादा तमिल नागरिकों की हत्या की गई थी उनकी जांच अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एजेंसियों के द्वारा होनी चाहिए।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

भारत का दृष्टिकोण :→

(i) श्रीलंका के लगभग 50 हजार तमिल शरणार्थी अभी भी भारत के तमिलनाडु प्रांत में रह रहे हैं। इसलिए तमिलों की समस्या से भारत सीधे प्रभावित होता है

(ii) चीन और पाकिस्तान का श्रीलंका में बढ़ता प्रभाव भारत के लिए एक अतिरिक्त चुनौती है। इसलिए भारत श्रीलंका के साथ संबंध बेहतर करके 13वें संविधान संशोधन को क्रियान्वित करने का समर्थक है।

(iii) श्रीलंका में तमिलों की हत्या की जांच के लिए किसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी के द्वारा जांच का समर्थक नहीं है।

⇒ भारत - श्रीलंका के बीच आर्थिक सम्बंध :-

(i) 1998 में भारत श्रीलंका के बीच मुक्त व्यापार के समझौते पर हस्ताक्षर हुआ जो समूचे दक्षिण एशिया के लिए आर्थिक सहयोग का एक मॉडल माना जाता है।

(ii) इस समझौते से यह सिद्ध हुआ कि भारत छोटे पड़ोसियों के लिए सुरक्षा का खतरा नहीं अपितु आर्थिक विकास का एक अवसर है।

(iii) श्रीलंका का सबसे बड़ा द्विपक्षीय व्यापारिक सहयोगी भारत है और श्रीलंका को आर्थिक सहायता देने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश भी भारत है।

(iv) व्यापार को और बढ़ाने के लिए दोनों के बीच वर्तमान में CEPA [(comprehensive Economic Partnership Agreement) समग्र आर्थिक सहभागिता के समझौते] पर भी विचार किया जा रहा है।

भारत श्रीलंका के बीच सुरक्षा का मुद्दा :-

(i) LTTE की समाप्ति के बाद भारत एवं श्रीलंका के बीच सैनिक संबंधों को पुनः सुदृढ़ किया जा रहा है।

(ii) श्रीलंका के सैनिकों को प्रशिक्षण देने वाला भारत सबसे बड़ा देश है।

(iii) भारत-श्रीलंका-मालद्वीप के बीच समुद्री सुरक्षा के लिए आपसी समझौता किया गया है। और भारत श्रीलंका के बीच बढ़ते सैनिक संबंधों एवं आर्थिक सम्बंधों के कारण लगातार सकारात्मक प्रगति दर्ज की जा रही है।

→ मछुवारों का मुद्दा ः



(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Cou... ...cility)
(IAS/PCS) All Stu... Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

United Nations Convention for law of sea
(समुद्री कानून से संबंधित सं. राष्ट्र संघ का कन्वेंशन)
↓
एक देश के भूभाग से 12 Nautical mile तक उस देश की संप्रभुता का विस्तार होगा जबकि 200 नॉटिकल मील तक उसका अनन्य आर्थिक क्षेत्र

समस्या क्या है?

(i) भारत और श्रीलंका के बीच में समुद्री सीमा रेखा का सीमांकन 1974 में ही कर लिया गया है इसके बावजूद मछवारों के द्वारा बार-2 समुद्री रेखा का उल्लंघन किया जाता है।

⇒ सीमा का उल्लंघन क्यों होता है ?

(i) भारत और श्रीलंका के बीच का समुद्री तट अत्यधिक सकरा है जहाँ सीमा का उल्लंघन स्वाभाविक हो जाता है।

(ii) इस क्षेत्र में मशीनीकृत नाव के प्रयोग बढ़ने के कारण अत्यधिक मछली मार ली गई है अतः नाविक मछली की तलाश में सीमा पार करते हैं।

(iii) भारतीय नाविक परम्परागत रूप में इस क्षेत्र में मछली मारते रहे हैं इसलिए वे सीमा रेखा का ध्यान नहीं रखते हैं।



सुरक्षा प्रत्यक्षण में भिन्नता ⇒

(i) भारत के अनुसार मछुवारों का मुद्दा मानवीय दृष्टि से जुड़ा हुआ विषय है इसलिए इस पर मानवीय रूप में ही विचार होना चाहिए।

(ii) जबकि श्रीलंका सरकार मछुवारों को अपने लिए सुरक्षा खतरा मानती है और सरकार को यह आशंका है कि मछुवारों के वेश में LTTE के समर्थक हो सकते हैं।

समाधान :-

① दोनों देश के बीच सकरे समुद्री क्षेत्र होने के कारण सीमा का उल्लंघन स्वाभाविक है और इसे बचाने के

लिए मछली मारने के वैकल्पिक दिनों का प्रावधान होना होना चाहिए।

(ii) निकट के तटीय क्षेत्रों में मशीनीकृत नाव के मछली मारने पर प्रतिबंध होना चाहिए और मशीनीकृत नावों को केवल गहरे समुद्र में मछली मारने की अनुमति होनी चाहिए।

(iii) सुरक्षा के प्रति मनोवैज्ञानिक भय को दूर करने के लिए मछुवारों को पहचान पत्र देना चाहिए।

(iv) समुद्री सीमा के उल्लंघन को रोकने के लिए GPS जैसी आधुनिक तकनीक का भी प्रयोग किया जा सकता है।

निष्कर्ष: श्रीलंका की तमिल समस्या के लगभग समाधान की स्थिति के बाद मछुवारों का विवादों दोनों देशों के बीच में विवाद का भावनात्मक मुद्दा बन जाता है।

प्रश्न भारत और श्रीलंका संबंधों को प्रभावित करने वाले भारत के देशीय अथवा क्षेत्रीय कारकों का महत्व स्पष्ट कीजिए।

उत्तर Part-I → भारत में संघीय शासन स्वीकार किया गया है जिसके अनुसार विदेश नीति के निर्माण का दायित्व संघ सरकार को प्रदान किया गया है।

→ भारतीय प्रांत तमिलनाडु की श्रीलंका से निकटता के कारण श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों के तमिलनाडु में निवास की वजह से तमिलनाडु श्रीलंका के प्रति भारतीय नीति को प्रभावित करता है।

→ तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच • साझी भाषायी एवं धार्मिक एकता भी है।

Part-II

→ तमिलनाडु के दबाव के कारण भारत सरकार ने श्रीलंका को हथियारों की सप्लाई पर प्रतिबंध लगा दिया।

→ मानव अधिकार के मुद्दे ~~के विरुद्ध~~ पर श्रीलंका के विरुद्ध मतदान किया।

→ श्रीलंकाई पर्यटकों का तमिलनाडु में विरोध किया गया।

→ भारतीय प्रधानमंत्री की कॉमनवेल्थ देशों के श्रीलंका में आयोजित सम्मेलन में सहभागिता नहीं की गई।

निष्कर्ष :-

Part-III

→ संघ में एक दल की प्रभावी सरकार के कारण विदेश नीति में क्षेत्रीय कारकों का महत्व कम हुआ है।

→ कोई भी लोकतांत्रिक सरकार विदेश नीति निर्माण में जन भावनाओं का उल्लंघन नहीं कर सकती, परन्तु राष्ट्रीय हित सदैव क्षेत्रीय हितों से महत्वपूर्ण होने चाहिए।

भारत-श्रीलंका के बीच मानव अधिकार का मुद्दा :-

मानव अधिकार से सम्बंधित मुद्दों के समाधान के लिए United Nations Human Rights Council (सं.रा. संघ परिषद) का गठन किया गया है। जिसमें 47 सदस्य हैं।

उद्देश्य :- मानवअधिकार से संबंधित कानूनों के उल्लंघन होने पर उस देश के विरुद्ध मतदान करना।

मानव अधिकार परिषद और श्रीलंका :-

(i) वर्ष 2016 में संयुक्त राष्ट्र संघ मानवाधिकार उच्चायुक्त की रिपोर्ट पर विचार करते हुए मानव अधिकार परिषद ने श्रीलंका में होने वाले मानव नरसंहार की जांच अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से कराने का निर्देश दिया।

(ii) परिषद में मतदान के दौरान अभी अमेरिका और यूरोपीय देशों ने श्रीलंका के विरुद्ध मतदान किया जबकि चीन और पाकिस्तान ने श्रीलंका के पक्ष में मतदान किया।

भारत का दृष्टिकोण :-

(i) भारत ने श्रीलंका के पक्ष में मतदान नहीं किया, जिससे 13वें संविधान संशोधन को लागू कराने के लिए श्रीलंका पर दबाव बनाया जा सके।

(ii) भारत ने श्रीलंका के विरुद्ध भी मतदान नहीं किया, जिससे श्रीलंका में चीन और पाकिस्तान का प्रभाव न बढ़े।

(iii) भारत ने मध्यमार्गी पथ अपनाते हुए मतदान से तटस्थ रहा। इसलिए नैतिकता के साथ राष्ट्रीय हितों को समायोजित करने का प्रयत्न किया गया।

Que:- भारत श्रीलंका के बीच गहरे संबंध होने के बावजूद दोनों देशों में सुरक्षा प्रत्यक्षण (देखना) में भिन्नता है तथा अविश्वास भी विद्यमान है।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098...

Ans:-

(i) तमिल भाषा का साझा आधार और बौद्ध धर्म की साझी विरासत दोनों के बीच सांस्कृतिक निकटता के परिणाम है।

(ii) श्रीलंका भारत का समुद्री पड़ोसी है जिसकी हिन्द महासागर के समुद्री संचार मार्ग पर महत्वपूर्ण अवस्थिति है।

(iii) श्रीलंका का सबसे बड़ा द्विपक्षीय व्यापारिक भागीदार भारत है। (5.5 B. Dollar) और श्रीलंका की आधारभूत संरचना के विकास में सहायता देने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश भारत है।

(iv) भारत के द्वारा श्रीलंकाई सैनिकों को प्रशिक्षण दिया जाता है तथा हथियार भी प्रदान किये जाते हैं।

Part-II

(i) श्रीलंका की चीन के प्रति बढ़ती सामरिक निकटता भारत में सुरक्षा चिन्ता बढ़ाने वाली घटना है।

(ii) तमिल समस्या को लेकर श्रीलंका भारत से मनोवैज्ञानिक खतरा महसूस करता है।

<u>निष्कर्ष</u> :- भारत श्रीलंका के बीच सम्बंध सांस्कृतिक; आर्थिक और राजनीतिक रूप में मधुर बने हुए हैं और LTTE की समाप्ति के बाद दोनों के बीच विद्यमान अविश्वास लगातार कम हो रहे हैं। जिससे भविष्य में बेहतर संबंधों की संभावना है।

<u>भारत - पाकिस्तान सम्बंध</u>

⇒ भारत पाकिस्तान के बीच प्रतिकूल सम्बंधों का <u>मूलकारण</u> :-

D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9266098159



<u>भारत</u>

1. लोकतांत्रिक
2. पंथनिरपेक्ष

<u>पाकिस्तान</u>

1. दो राष्ट्र का सिद्धांत
   हिन्दू → मुस्लिम
   दो धर्म नहीं, दो राष्ट्र हैं।
2. धार्मिक राज्य
3. सैनिक शासन (1958-71
   1978-88
   1996-2008)

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

1947 का पाकिस्तान

पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान, खैबर पख्तून ख्वा, पूर्वी बंगा

बलूचिस्तान की समस्या :-

1. बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा राज्य है। जिसका क्षेत्रफल पाकिस्तान के कुल भू-भाग का 40% है
2. बलूचियों के द्वारा आरंभ से ही अपने लिए अलग बलूचिस्तान की मांग की गई।
3. बलूचिस्तान के अलावा बलूच भाषा बोलने वाले लोग अफगानिस्तान और ईरान में भी हैं।
4. बलूचिस्तान आर्थिक रूप में पाकिस्तान का सबसे पिछड़ा राज्य है।
5. प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से बलूचिस्तान सर्वाधिक सम्पन्न है और इसकी भौगोलिक अवस्थिति भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। क्योंकि बलूचिस्तान की सीमा अफगानिस्तान और ईरान के साथ मिलती है।
6. बलूचिस्तान में बलूचियों का आंदोलन यह प्रदर्शित करता है कि पाकिस्तान में धर्म के आधार पर निर्मित एक वास्तविक नहीं है।

चीन और बलूचिस्तान :→

(i) चीन के द्वारा बलूचिस्तान में ग्वादर पत्तन का निर्माण किया जा रहा है। और इस पत्तन को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे से जोड़ने की भी योजना है। जिसमें चीन 44 Billion Doller का निवेश कर रहा है।

(ii) इस निवेश से बलूचिस्तान का लाभ होगा, परन्तु बलूचियों को इस पर निम्नलिखित आपत्ति है -

(a) उनके मछली मारने का अधिकार प्रभावित होगा।
(b) उनको यह भी लगता है कि उनके प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग शेष पाकिस्तान के विकास के लिए होगा।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098158

भारत और बलूचिस्तान

(i) पाकिस्तानी सरकार के द्वारा बलूचियों का लगातार दमन किया जाता रहा है और पहली बार भारत के द्वारा बलूचिस्तान में मानव अधिकार के हनन का मुद्दा उठाया।

(ii) पाकिस्तान के द्वारा बार-बार कश्मीर में मानव अधिकारों के उल्लंघन का आरोप भारत पर लगाया।

(iii) पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने आक्रामक नीति का प्रयोग करते हुए बलूचिस्तान का मुद्दा उठाया। यद्यपि भारत ने बलूचिस्तान में किसी भी उग्रवादी संगठन को समर्थन देने का पक्ष नहीं लिया।

⇒ भारत की नीति की आलोचना क्यों?

1. भारत के द्वारा परम्परागत रूप में ~~कुछ~~ नैतिक आधार का पालन किया गया। जिसके अनुसार भारत ने किसी देश के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप का समर्थन नहीं किया।

2. मानवाधिकार का मुद्दा अत्यधिक संवेदनशील है और भारत के विरुद्ध कश्मीर और उत्तरी-पूर्वी राज्यों में मानव अधिकार उल्लंघन के आरोप लगते रहते हैं।

निष्कर्ष :- पाकिस्तान के आक्रामक दृष्टिकोण को देखते हुए भारत के द्वारा बलूचिस्तान का मुद्दा उठाना ठीक माना जाएगा।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

कश्मीर समस्या क्या है?

⇒ कश्मीर पर पाकिस्तान का दावा :-

(i) पाकिस्तान ने द्विराष्ट्रवाद के आधार पर कश्मीर की मांग की। क्योंकि कश्मीर मुस्लिम बहुल प्रांत था।

(ii) पाकिस्तान में बहने वाली सभी नदियां कश्मीर होकर पाकिस्तान में प्रवेश करती हैं।

(iii) भौगोलिक रूप में कश्मीर पाकिस्तान के ज्यादा निकट है क्योंकि भारत की स्वतंत्रता से पहले कश्मीर जाने का रास्ता सियालकोट से था जम्मू से नहीं।

कश्मीर पर पाकिस्तान की नीति क्या है?

(i) पाकिस्तान कश्मीर को विवादास्पद क्षेत्र मानता है।
(ii) कश्मीर मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण करता है।
(iii) कश्मीर के पृथकतावादियों को समर्थन।
(iv) कश्मीर में सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा देना।

कश्मीर पर भारत का दावा :-



D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

(i) कश्मीर का विलय वैधानिक रूप में भारतीय संघ में किया गया था।

(ii) कश्मीर के इस विलय को जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के द्वारा अनुमोदित भी किया गया।

(iii) भारतीय राष्ट्र का निर्माण पंथनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक रूप में हुआ इसलिए भारत किसी धर्म विशेष समुदाय का देश नहीं है।

D.K. PHOTO COURIER FACILITY (M) 9268098159

भारत की नीति :→

(I) कश्मीर भारत का अभिन्न भाग है।

(II) पाकिस्तान की सीमापार आतंकवाद का सामना करने के लिए बेहतर सीमा प्रबंध।

(III) संविधान के दायरे में कश्मीर के सभी राजनीतिक पक्षों के साथ वार्ता।

(IV) कश्मीर में लागू सैन्य बल कानून (AFSPA) को क्रमिक रूप में हटाने पर विचार करना तथा मानव अधिकारों के हनन को शून्य करना।

(V) कश्मीर को ज्यादा से ज्यादा स्वायत्तता प्रदान करना।



कश्मीर मसले पर भारत का परिवर्तित दृष्टिकोण :-

① भारत के द्वारा पहली बार गिलगित बाल्टिस्तान के मुद्दे को उठाया गया।

② भारत ने पहली बार आक्रामक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र को भी विवाद का एक भाग मानना चाहिए।

③ भारत ने कठोर दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि पाकिस्तानी अधिकृत कश्मीर का भारत में विलय ही समस्या का समाधान है।

D.K. PHOTO STAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

* गिलगित - बाल्टिस्तान

पाकिस्तान सरकार ने अभी तक गिलगित बाल्टिस्तान का status स्पष्ट नहीं किया है और गिलगित बाल्टिस्तान के लोग इस बात से भी नाराज हैं कि पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान के अन्य भागों से लोगों को इस क्षेत्र में बसा रही है।

* समाधान ⇒

① भारत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर दावा करता है जबकि पाकिस्तान समूचे कश्मीर को अपना मानता है, दोनों का दृष्टिकोण व्यवहारिक नहीं है।

② वर्तमान नियंत्रण रेखा को अंतर्राष्ट्रीय रेखा में परिवर्तित कर देना ही समस्या का सर्वाधिक व्यवहारिक समाधान है।

जिसका अभिप्राय है कि यथास्थिति बनाए रखा जाए।

(iii) दोनों कश्मीर के बीच (POK & भारत) व्यापार और लोगों के आवागमन को बढ़ावा दिया जाए।

D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

सिंधु नदी जल संधि (1960)

D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

1. भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में नदियों के विभाजन का समझौता किया गया, जो विश्व बैंक की मध्यस्थता में सम्पन्न हुआ।

2. इसके अनुसार सिन्धु, झेलम और चिनाब नदियाँ पाकिस्तान को दी गई जबकि सतलज, रावी और व्यास नदियाँ भारत के हिस्से में आई।

3. पाकिस्तान को प्रदत्त सभी नदियाँ भारतीय प्रांत जम्मू से होकर बहती हैं इसलिए भारत को पाकिस्तान की नदियों के पानी के <u>सीमित प्रयोग</u> का अधिकार दिया गया।
केवल, (Non-consumption use of water)

असीमित प्रयोग → Consumption use of water
(पीने, नहर)

4. संधि में यह भी उल्लेखित है कि संधि के किसी प्रावधान पर विवाद को हल करने के लिए निम्न लिखित तरीकों का प्रयोग किया जाएगा —

(a) आपसी समझौते से।
(b) मध्यस्थ के द्वारा।
(c) अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण के माध्यम से।

(5) भारत और पाकिस्तान के बीच यह एक ऐतिहासिक समझौता है, जिसे दो बड़े युद्धों के बावजूद भी तोड़ा नहीं गया।

इस समझौते पर पाकिस्तान की आपत्ति :-

(i) पाकिस्तान ने भारत पर संधि के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उसके अनुसार भारत, पाकिस्तान के हिस्से के पानी का प्रयोग कर रहा है।

(ii) पाकिस्तान के संगठन जमातुल दावा के द्वारा भारत पर जल आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाया है।

भारत का दृष्टिकोण :-

(i) पाकिस्तानी विदेश नीति का मूल आधार भारत विरोध है। इसलिए पानी के मुद्दे को उठाकर वह भारत विरोध को सदैव जीवित रखना चाहता है।

(ii) पानी के बहाने पाकिस्तान कश्मीर समस्या का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने का प्रयास करता है और सीमापार आतंकवाद से विश्व जनमत का ध्यान भटकाने का भी प्रयत्न करता है।

(iii) पानी के बहाने पाकिस्तान अपनी आंतरिक समस्या से बचना चाहता है। क्योंकि सिंधु नदी के पानी के अधिकतर हिस्से का प्रयोग पंजाब और सिंध प्रांत कर लेते हैं। इसलिए

बलुचिस्तान प्रांत को पानी का उचित हिस्सा नहीं मिल पाता है।

निष्कर्ष :→ सिंधु नदी संधि पाकिस्तान के लिए लाभप्रद है इसलिए आज तक पाकिस्तान ने इसे बनाए रखा। उसे भारत के साथ अन्य किसी भी समझौते का सम्मान नहीं किया और वर्तमान में पानी के विभाजन के अलावा जल संरक्षण की भी आवश्यकता है।

D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

सरक्रिक का मुद्दा

① भारत और पाकिस्तान के बीच गुजरात प्रांत के कच्छ क्षेत्र तथा पाकिस्तान के सिन्ध प्रांत के बीच अभी-भी समुद्री सीमा रेखा का सीमांकन नहीं किया गया है।

② यह क्षेत्र दलदली और दुर्गम होने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न क्षेत्र है।

पाकिस्तान का पक्ष :-

① पाकिस्तान के अनुसार सिंध प्रांत और ~~पूर्व~~ मुम्बई प्रांत के बीच 1925 में सीमा का निर्धारण किया गया था।

② उसके अनुसार सरक्रिक में हरे रंग की रेखा ~~खींची~~ गई है और यही वास्तविक सीमा होनी चाहिए।

(iii) पाकिस्तान के अनुसार इस दलदली सीमा क्षेत्र के निर्धारण के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के समुद्री कानून लागू नहीं होगा।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098149

भारत का पक्ष :-

(i) भारत के अनुसार इस क्षेत्र के विभाजन के लिए समुद्री कानून का प्रयोग होना चाहिए जिसके अनुसार क्षेत्र को बीचों-बीच विभाजित करना चाहिए।

(ii) भारत का मानना है कि उच्च ज्वार के समय यह क्षेत्र नौवहन योग्य हो जाता है इसलिए इस पर समुद्री कानून लागू होंगे।

निष्कर्ष :- यह उल्लेखनीय है कि भारत ने श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ भी समुद्री सीमा रेखा का विवाद शांतिपूर्ण रूप में हल कर लिया है म्यांमार के साथ किसी प्रकार का विवाद नहीं है केवल पाकिस्तान के साथ ही समुद्री सीमा का विवाद है। इससे यह स्पष्ट है कि दोनों देशों के बीच विवाद का मूल कारण गहरा अविश्वास है। इसलिए पानी और जमीन के विवाद इसी अविश्वास के परिणाम हैं।

सियाचिन विवाद

(i) भारत और पाकिस्तान के बीच स्वतंत्रता के बाद तथा शिमला समझौते के बाद (1972) भी सियाचीन क्षेत्र में NJ 9842 के आगे सीमा विभाजित नहीं हो सकी, क्योंकि यह क्षेत्र अत्यधिक ऊंचा और दुर्गम है।

② आरंभिक रूप में यह क्षेत्र निर्जन और सेना विहीन था परन्तु 1984 के बाद भारत ने सियाचीन में सेना तैनात कर दी जो अभी तक बनी हुई है।

सियाचिन भारत के लिए इतना महत्वपूर्ण क्यों है?

1. सियाचिन भू-सामरिक रूप में अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि सियाचिन में भारतीय सेनाओं की तैनाती ऊपर है और पाकिस्तान नीचे है।

2. सियाचिन काराकोरम दर्रे के पास है, जिसका हिमालयी क्षेत्रों में आने-जाने के लिए निर्णायक महत्व है।

3. वर्तमान में चीन के द्वारा POK के गिलगिट बाल्टिस्तान क्षेत्र में आर्थिक गलियारे का निर्माण किया जा रहा है अतः चीनी सैनिकों की उपस्थिति भी इस क्षेत्र में बढ़ रही है।

4. सियाचिन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर तथा चीन नियंत्रित अक्साई चीन के अत्यधिक निकट है। इसीलिए भारत के द्वारा इस क्षेत्र से सेना हटाने के विकल्प पर विचार नहीं किया जा रहा है।

सियाचिन एवं सामाजिक व पर्यावरणीय मुद्दा

① सियाचिन में अत्यधिक ठण्ड के कारण एवं दुर्गम क्षेत्र की वजह से भारतीय सैनिक मारे जाते हैं।

(ii) इस दुर्गम क्षेत्र में सेना को तैनात करने के लिए बड़ा आर्थिक ~~बजट~~ खर्च भी ~~ख~~ वहन करना पड़ता है।

(iii) हिमालय के ग्लेशियर पर्यावरण के दृष्टिकोण से अत्यधिक संवेदनशील हैं।

(iv) हिमालय के ग्लेशियर समूची मानवता के साझी धरोहर माने जाते हैं। परन्तु सैनिक तैनाती के द्वारा ~~हिमनद~~ ग्लेशियर का आकार कम हो रहा है तथा इसके पिघलने की भी रफ्तार बढ़ रही है।

<u>समस्या का समाधान :-</u>

(i) पाकिस्तान ने इस क्षेत्र को ~~विसैनिकृत~~ विसैन्यीकृत रखने का प्रस्ताव रखा है परन्तु पाकिस्तान के पूरे कश्मीर पर दावे के कारण भारत, पाकिस्तान पर विश्वास करने के लिए तैयार नहीं है।

(ii) दोनों देशों के बीच गंभीर अविश्वास के कारण इस क्षेत्र का सीमांकन करना भी कठिन है।

<u>1990 के बाद भारत-पाकिस्तान सम्बंध</u>

[ट्रैक-1] ⟵⟶ [ट्रैक-2] ⟶ [People to people]

ट्रैक-1: सरकारी वार्ता

ट्रैक-2: गैर-सरकारी वार्ता लेकिन जो विदेशनीति एवं कूटनीति के जानकार हो; विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, पत्रकार, मानवाधिकार कार्यकर्ता

People to people: छात्रों का समूह, सांस्कृतिक दल, खिलाड़ी

[Back channel Diplomacy]
- सरकार का प्रतिनिधि
- सरकार के द्वारा प्रायोजित वार्ता जिसे मीडिया के सामने प्रकाशित नहीं किया जाता है।

ट्रैक-2 कूटनीति

① भारत और पाकिस्तान के बीच सरकार के बीच की वार्ताएँ सदैव बाधित रही हैं क्योंकि दोनों देशों के बीच सहमति का अभाव है तथा अविश्वास अत्यधिक गहरा है। जिसे कम करने के लिए गैर सरकारी लोगों की वार्ताओं का आयोजन किया गया। जिसे लोकप्रिय रूप में ट्रैक-2 कूटनीति का नाम दिया जाता है।

② ट्रैक-2 की वार्ताएँ ट्रैक-1 की वार्ताओं के लिए एक बेहतर पृष्ठभूमि का निर्माण किया जाता है।

दोनों देशों के बीच ट्रैक-2 की प्रकृति :→

गैर-सरकारी

- अवकाश प्राप्त
- पत्रकार, NGO के सदस्य, पर्यावरण संरक्षणकर्ता

→ भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाली ट्रैक-2 वार्ताओं में अवकाश प्राप्त विदेश सचिव, अवकाश प्राप्त सैन्य अधिकारी तथा पूर्व मंत्रियों को शामिल किया जाता है।

→ इसलिए दोनों देशों के बीच चलने वाली ट्रैक-2 की प्रकृति में खामी विद्यमान है। क्योंकि ट्रैक-2 की वार्ताओं में पत्रकारों, गैर-सरकारी स्वैच्छिक संगठन के सदस्यों और मानव अधिकार कार्यकर्ताओं को बेहतर प्रतिनिधित्व देने की आवश्यकता है।

(पहला ट्रैक-2 की वार्ता राजस्थान के नीमराना में हुई)

→ तमाम खामियों के बावजूद ट्रैक-2 की वार्ताएँ उपयोगी हैं, वर्ष 2015 में भारत पाकिस्तान के बीच बार-बार युद्ध विराम का उल्लंघन किया गया और सीमा पर गोलीबारी की गई। परन्तु ~~किसी~~ इसी के साथ दोनों के बीच सं. अरब अमीरात में ट्रैक-2 की वार्ताओं का आयोजन भी किया गया था।

लाहौर में 1999 में शुरू हुई प्रक्रिया

⇓

विश्वास निर्माण के उपाय - (Confidence Building measures) (C.B.M)

विश्वास निर्माण के गैर-सैनिक तरीके

1. मछुवारों की रिहाई
2. जेल में बंद कैदियों की रिहाई
3. धार्मिक यात्राएँ
4. पर्यटन
5. बस यात्रा
6. व्यापारिक सम्बंध

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

विश्वास निर्माण के सैनिक तरीके (C.B.M)

परम्परागत C.B.M

- सीमा पर युद्ध विराम का समझौता
- DGMO के बीच वार्ता (Director General of Military operation)
- सेना के अधिकारियों के द्वारा एक-दूसरे को भेंट देना।

परमाणु C.B.M

(i) लाहौर घोषणा पत्र में पहली बार परमाणु C.B.M पर सहयोग का निर्णय लिया गया और इन्होंने परमाणु परीक्षण पर एकतरफा प्रतिबंध की घोषणा की।

(ii). प्रक्षेपास्त्रों के परीक्षण से पहले एक दूसरे को पूर्व सूचना दी जाएगी।

निष्कर्ष :-

भारत - पाकिस्तान के बीच सम्बंध सामान्य बनाने में C.B.M की भूमिका सकारात्मक एवं निर्णायक है जिससे दोनों देशों के बीच अविश्वास को कम करके सहयोग का आधार निर्मित किया जा सकता है।

D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 92660981 55

एक नई पहल 2004

समग्र वार्ता (Composit dialouge)

अर्थ : (i) परम्परागत रूप में पाकिस्तान के द्वारा कश्मीर मुद्दे पर बल दिया गया और पाकिस्तान के अनुसार कश्मीर एक केन्द्रीय मुद्दा है जिसके समाधान के बिना भारत के साथ अन्य क्षेत्रों में संबंध सामान्य नहीं होंगे।

(ii) जबकि वर्ष 2001 के बाद भारत ने सीमापार आतंकवाद को केन्द्रीय मुद्दा माना। इसलिए दोनों के दृष्टिकोण में विरोधाभास विधमान था।

(iii) समग्र वार्ता के द्वारा दोनों के दृष्टिकोण में समन्वय करने का प्रयत्न किया गया और यह स्वीकार किया गया कि दोनों देशों के बीच विवाद के अनेक मुद्दे हैं जिस पर संस्थागत एवं साथ-साथ वार्ता का आयोजन होगा।

समग्र वार्ता में शामिल किए गए मुद्दे :-

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

समग्र वार्ता में (a) कश्मीर, (b) सियाचिन
(c) सरक्रिक (d) तुलबुल नौवहन परियोजना, (e) आतंकवाद
(f) व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देना
(g) नशीली दवाओं के अवैध लेन देन पर प्रतिबंध

→ दोनों देशों के बीच समग्र वार्ता अत्यधिक बेहतर शुरूआत थी और विशेष तौर पर व्यापारिक संबंधों को शामिल करना उल्लेखनीय है।

→ परन्तु वर्ष 2008 में भारत पर मुम्बई ~~हम~~- आतंकी हमले के बाद समग्र वार्ता रद्द कर दी गई जो आजतक आरंभ नहीं हो पाई।

भारत-पाकिस्तान के बीच आतंकवाद की समस्या :-

आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की राय :-

(1) → भारत से परम्परागत युद्ध हारने के बाद (1965, 71) पाकिस्तान ने भारत को क्षतिग्रस्त करने के लिए छद्मयुद्ध अथवा सीमापार आतंकवाद चला रखा है।

② पाकिस्तान में कार्य करने वाले आतंकी संगठन लश्कर-ए-तौयबा जैस-ए-मोहम्मद को पाकिस्तान के द्वारा आर्थिक वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे ये भारत पर आक्रमण कर सके।

③ मुम्बई आतंकी हमले में पाकिस्तानी नागरिक कसाब को जीवित पकड़ा गया और हाल में ही पठानकोट आतंकी हमले में भी पाकिस्तान के सम्मिलित होने के प्रमाण है

④ इसलिए भारत का मानना है कि दोनों के बीच बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते।

⑤ जब तक मुम्बई आतंकी घटना में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं होगी और उन्हें दण्डित नहीं किया जाएगा तब तक दोनों के साथ सम्बंध सामान्य नहीं हो सकते।

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

आतंकवाद पर पाकिस्तान का नजरिया :-

① पाकिस्तान के अनुसार वह आतंकवाद से पीड़ित राज्य है।

② तहरीक-ए-तालिबान (TTP) के द्वारा पाकिस्तान पर लगातार हमले किए जा रहे है और वर्तमान में पाकिस्तानी सेना उत्तरी वजीरिस्तान क्षेत्र में आतंकवाद से लड़ रही है।

③ पाकिस्तान में पेशावर आतंकी घटना के बाद आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की गई।

निष्कर्ष :- पाकिस्तान की नीतियाँ विरोधाभासी हैं क्योंकि वह घरेलू आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष कर रहा है परन्तु भारत के विरुद्ध सीमापार आतंकवाद को अभी भी बढ़ावा दे रहा है और कश्मीर में होने वाली वर्तमान घटनाएँ इसका प्रमाण है।

भारत-पाकिस्तान के बीच सहयोग की संभावना :-

① भारत और पाकिस्तान दोनों देश तेल और गैस के आयात पर निर्भर हैं और वर्ष 2015 में TAPI (तुर्कमेनिस्तान, पाकिस्तान, अफ्गानिस्तान, भारत) के बीच गैस-पाईप लाईन बिछाने के मुद्दे पर समझौता हुआ।

② वर्ष 2016 में भारत और पाकिस्तान दोनों शंघाई सहयोग संगठन के पूर्ण सदस्य बन गए।

③ भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय व्यापार की अत्यधिक संभावनाएँ हैं। एक अनुमान के अनुसार दोनों देशों के बीच 10 Billion Dollar द्विपक्षीय व्यापार की क्षमता विद्यमान है।

④ सहयोग की इन संभावनाओं के बावजूद दोनों देशों के बीच विवाद अत्यधिक गहरे हैं, इसलिए शांति स्थापना के प्रयत्न किए जा सकते हैं परन्तु शांति स्थापना की गारंटी देना संभव नहीं है।

⑤ परन्तु दोनों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए निम्न लिखित उपाय अपनाये जा सकते हैं—

(a) People to People Contact को बढ़ावा देना।

(b) खेल एवं सांस्कृतिक संबंधों को प्रोत्साहित करना।

(c) व्यापारिक संबंधों में विद्यमान बाधाओं को दूर करना।

निष्कर्ष :-

भारत-पाकिस्तान के बीच गहरे मतभेद के बावजूद बातचीत का रास्ता कभी बंद नहीं होना चाहिए। यह सत्य है कि बातचीत से किसी तत्काल परिणाम की उम्मीद करना निरर्थक है परन्तु इसके द्वारा विश्वास निर्माण को बढ़ावा दिया जाता है।

→ बातचीत के तरीके पर मतान्तर संभव है कि वार्ता समग्र की जाए अथवा विदेश सचिव स्तर की की जाए, सशर्त हो या बिना शर्त हो, बातचीत प्रतिबंधित नहीं होनी चाहिए।

→ पाकिस्तान पड़ोसी देश है उसके पास परमाणु हथियार भी है इसलिए लड़ने का विकल्प उपलब्ध नहीं है और पड़ोसी से अलग-थलग रखना भी संभव नहीं है। इसलिए बातचीत के रास्ते खुले होने चाहिए। यद्यपि इसके साथ भारत को अपनी सामरिक क्षमता के विकास से समझौता नहीं करना चाहिए।

Que भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बंध प्रतिकूल होने का मूलकारण परस्पर अविश्वास और आतंकवाद है। दोनों देशों के बीच संबंध बेहतर करने के लिए खेल और सांस्कृतिक संबंध को बढ़ावा दिया जा सकता। स्पष्ट कीजिए

Que:- भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर समस्या का मूल कारण है अथवा दोनों देशों के राष्ट्र निर्माण और विदेश नीति में विद्यमान भिन्न संबंधों के प्रतिफल होने का मूल कारण है। अपने तर्क प्रस्तुत कीजिए।

Que:- कश्मीर विवाद में सम्मिलित विभिन्न पक्षों के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए। आप इस समस्या के समाधान के लिए किस प्रकार के सुझाव देंगे?

Que:- सियाचिन पर भारत के दावे के तर्कों का उल्लेख कीजिए। क्या आप इस मत से सहमत है कि सियाचिन विवाद भौगोलिक विवाद नहीं अपितु दोनों देशों के बीच विरोधी दृष्टिकोण का परिणाम है।





भारत - चीन सम्बंध

चीन का मॉडल

Ⓐ साम्यवादी शासन के रूप में चीन की स्थापना 1949 में

Ⓑ साम्यवादी एक दलीय प्रणाली में विश्वास रखते हैं।

Ⓒ समाजवादी सुदृढ़ता ← विदेश नीति।

भारत का मॉडल



Ⓐ लोकतांत्रिक शासन

Ⓑ बहुदलीय शासन प्रणाली

Ⓒ विदेश नीति → गुटनिरपेक्षता की विदेश नीति

दोनों देशों के बीच समानता

Ⓐ दोनों पड़ोसी थे और हैं।

Ⓑ दोनों साम्राज्यवादी - उपनिवेशवादी संघर्ष के विरुद्ध आजाद

Ⓒ दोनों का मिलना एशियाई एकता के विचार को आगे बढ़ाना था।

- भारत - चीन - संबंधों का पहला चरण (1947 - 1962)
(भाई - भाई का संबंध)

→ भारत चीन संबंधों में दरार के कारण (दरार शुरू हुई)

① आरंभिक रूप में चीन ने तिब्बत को स्वायत्त माना था परन्तु चीन के शक्तिशाली होने के साथ ही चीन की सेनाएँ तिब्बत में घुस गई और तिब्बत पर चीन का नियंत्रण हो गया।

सम्बंधों का दूसरा दौर : (1962 — 1988) → बाई-बाई (सम्बंध व्यापार)

1979 में चीन का नया नेता → डेंग शियाओपिंग
↳ उदारीकरण

1988 में राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने

① 1988 में पहली बार भारत ने ~~पहली~~ पैरामेट्रिक (व्यवहारिक) दृष्टिकोण अपनाते हुए चीन के साथ संबंधों में सीमा विवाद एवं अन्य मुद्दों के बीच स्पष्ट अलगाव की नीति अपनाई गई।

② भारत ने यह स्वीकार किया कि सीमा विवाद एक जटिल मुद्दा है जिसे हल करने के लिए अलग-से प्रयास किए जाएंगें जबकि चीन के साथ आर्थिक और व्यापारिक संबंधों में सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

भारत-चीन के बीच सीमा विवाद :-



D.K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY

सीमा विवाद हल करने के तरीके :-

① मानचित्र पर समझौता

② सीमा खींचते हैं।

③ पिलर लगाते हैं।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. ...ble All Subject
(Co... ...cility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

सीमा विवाद हल क्यों नहीं हो पा रहा है?

① चीन के द्वारा अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में अत्यधिक बेहतर आधारभूत संरचना का निर्माण कर लिया गया है। जबकि भारत के द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास पर चीन आपत्ति व्यक्त कर रहा है।

② चीन के अनुसार अक्साई चीन क्षेत्र के मुद्दे पर भारत से बातचीत नहीं की जाएगी। क्योंकि अक्साई चीन जम्मू-कश्मीर का क्षेत्र है जो विवादास्पद है।

③ चीन के द्वारा समूचे अरुणाचल पर दावा किया जा रहा है और चीन अरुणाचल को तिब्बत का दक्षिणी भाग मानता है।

④ भारत सीमा विवाद को जल्द से जल्द हल करना चाहता है परन्तु चीन जानबूझकर उसे लटकाए रखना चाहता है जिससे भारत पर दबाव बना रहे तथा बार-बार चीन के द्वारा सीमा क्षेत्रों में अतिक्रमण भी किया जाता है।

बढ़ता व्यापारिक संबंध एवं सीमा विवाद :→

(1) भारत एवं चीन के बीच संबंध अत्यधिक जटिल बने हुए हैं क्योंकि वर्तमान में व्यापारिक संबंध लगातार बढ़ रहे हैं। परन्तु सीमा विवाद जस का तस बना हुआ है।

(2) भारत और चीन के बीच व्यापारिक घाटे के मुद्दे पर चीन, भारत को रियायत देने के लिए तैयार है परन्तु सीमा विवाद के मुद्दे पर उसका दृष्टिकोण कठोर होता जा रहा है और वह भारत को छूट देने के पक्ष में नहीं है।

(3) इसलिए भारत और चीन के बीच बढ़ता व्यापार सीमा विवाद को हल करने की गारंटी नहीं है।

सीमा विवाद अथवा शक्ति की प्रतिस्पर्धा

(1) भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सीमा विवाद हल करना आवश्यक है लेकिन सीमा विवाद का हल होना संबंधों को सामान्य बनाने की गारंटी नहीं है।

(11) दोनों देशों के बीच गहरे अविश्वास बने हुए हैं। चीन को दलाई लामा की भारत में उपस्थिति के मुद्दे पर गहरी आपत्ति है।

(111) चीन के अनुसार भारत अमेरिका और जापान के बीच बढ़ता सामरिक सहयोग चीन को घेरने के लिए है।

(iv) जबकि भारत को मुख्य चिंता सीमा विवाद को लेकर है तथा चीन-पाकिस्तान के बीच बढ़ती सामरिक मित्रता भारतीय सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर मुद्दा है

(v) सीमा विवाद पर चीन का सख्त होता दृष्टिकोण भारत अमेरिका के बीच बढ़ते सामरिक संबंधों का भी परिणाम है।

(vi) वर्ष 2016 में चीन ने भारत की NSG की सदस्यता के दावे का सीधा विरोध किया तथा सुरक्षा परिषद् के द्वारा पाकिस्तानी नागरिक मसूद अजहर को आतंकवादियों की सूची में शामिल करने का विरोध किया।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

दक्षिण चीन सागर

मुद्दा क्या है?

(i) दक्षिण-चीन सागर से होकर विश्व व्यापार के लगभग 50% हिस्से का आदान-प्रदान होता है इसलिए समुद्री संचार मार्ग की दृष्टि से इसका महत्व निर्विवाद है

(ii) इस क्षेत्र में मछली एवं प्राकृतिक संसाधन भी बड़ी मात्रा में विद्यमान हैं।

विवाद क्या है?

(i) चीन ~~समूचे~~ समूचे दक्षिणी चीन सागर पर अपना दावा व्यक्त कर रहा है और उसके अनुसार दक्षिणी चीन सागर

मे '9 Das Line' तक चीन की सम्प्रभुता का विस्तार है।

⑦ इसलिए दक्षिण चीन सागर में स्थित पार्सेल और स्पिट्ले जैसे द्वीपों पर चीन का नियंत्रण है।

⑧ वियतनाम, फिलीपिन्स, ब्रुनेई, मलेशिया चीन के इस दावे को मानने के लिए तैयार नहीं हैं।

अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण का निर्णय :→

① फिलीपिन्स की याचिका पर निर्णय देते हुए अधिकरण के द्वारा चीनी दावे को अस्वीकृत कर दिया गया। अधिकरण के अनुसार चीन के "9 Das Line" का न तो कोई ऐतिहासिक आधार है और न ही कोई तार्किक आधार है।

② न्यायाधिकरण ने कहा कि इस क्षेत्र में समुद्री सीमा रेखा का विवाद संयुक्त राष्ट्र संघ के समुद्री कानून के अनुसार हल होना चाहिए। इसलिए फिलीपिंस को उसका वास्तविक अनन्य क्षेत्र प्राप्त होना चाहिए।

चीन का तर्क :-

① चीन ने न्यायाधिकरण के निर्णय को मानने से इंकार कर दिया है और चीन का यह तर्क है कि विवाद में शामिल सभी पक्षों ने इस मुद्दे को आपसी बातचीत के द्वारा हल करने का Code of Conduct बनाया था

④ चीन के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय अधिकरण समुद्री सीमा के विवाद को हल करता है जबकि यह चीन की सम्प्रभुता का मुद्दा है जिसपर निर्णय देने के लिए अधिकरण को शक्ति नहीं है।
और फिलीपिंस ने अधिकरण में जाकर इसकी अवहेलना की है।

② उसने इस क्षेत्र को अपना <u>सामरिक हित</u> घोषित कर दिया है और उसने यहाँ अपने सैनिकों को तैनात कर दिया है एवं कई कृत्रिम द्वीपों का भी निर्माण कर दिया है।

③ चीन ने यह भी कहा कि अधिकरण में जापानी न्यायाधीश थे जिन्होंने जान बूझकर चीन के विरुद्ध निर्णय दिया।

दक्षिण चीन सागर विवाद में अमेरिका की रूचि:-

① अमेरिका और फिलीपिंस के बीच सैनिक संधि सम्पन्न हुई है। और अमेरिकी सेनाएँ फिलीपिंस में भी तैनात हैं।

② अमेरिका के अनुसार चीन समुद्री संचार मार्ग को बाधित कर रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय विधि के विरुद्ध है।

③ अमेरिका के द्वारा- Pivot Asia (एशिया केन्द्रित नीति) नीति अपनाई गई है जिसके अंतर्गत वह अपने सैनिकों के 60% से ज्यादा भाग की तैनाती एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कर रहा है।

④ अमेरिका ने यह स्पष्ट रूप में कहा है कि चीन को अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण का निर्णय मानना चाहिए।

भारत और दक्षिण चीन सागर विवाद :-

① भारत का मानना है कि विश्व में समुद्री संचार मार्गों को बाधित नहीं करना चाहिए।

② भारत के अनुसार चीन को अंतर्राष्ट्रीय आर्बिट्रेशन के निर्णय को स्वीकार करना चाहिए।

③ भारत और वियतनाम के बीच तेल और गैस के उत्खनन के समझौते पर सहयोग का निर्णय किया गया है और दोनों के बीच किए गए समझौते के अनुसार ब्लॉक नं. 128, 'नाइन-डैश-लाइन' के अंतर्गत आता है।

④ यदि चीन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में राजमार्ग या आर्थिक गलियारे का निर्माण कर सकता है तो भारत के द्वारा वियतनाम के साथ समझौते में चीन की चिंता का ध्यान रखना आवश्यक नहीं है।

⑤ भारत के द्वारा दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में अमेरिका के संयुक्त पेट्रोलिंग के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया।

⑥ दक्षिण चीन सागर के मुद्दे पर चीन की आक्रामक रणनीति से यह प्रतीत होता है कि भारत-चीन सीमा विवाद हल न होने का बड़ा कारण चीन का आक्रामक दृष्टिकोण है।

आतंकवाद (भारत-चीन के बीच)

संयुक्त राष्ट्र संघ और आतंकवाद :-

① संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् के द्वारा 1999 में प्रस्ताव संख्या 1, 2, 6, 7 पारित किया गया। जिसके अनुसार अल कायदा से संबंधित सभी आतंकवादी संगठनों एवं व्यक्तियों को प्रतिबंधित किया जाएगा।

② सितम्बर 2001 में अमेरिका पर आतंकी हमले के बाद सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव संख्या ~~1,3,73~~ 1373 पारित किया जिसमें आतंकवादी संगठनों को दी गई प्रत्येक सहायता को प्रतिबंधित किया गया है।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

भारत का दृष्टिकोण :→

① भारत ने सुरक्षा परिषद् के समक्ष जैस-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर को आतंकवादियों की सूची में शामिल करने का अनुरोध किया।

② सुरक्षा परिषद के 14 सदस्यों ने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया, & जबकि चीन ने इस पर वीटो कर दिया। इसलिए भारत का प्रयास विफल हो गया। जिससे यह प्रतीत होता है कि आतंकवाद के संबंध में चीन पाकिस्तान का विरोध नहीं करेगा जबकि भारत के विरुद्ध आतंकवाद पाकिस्तान से ही प्रायोजित है।

सहयोग की संभावना:-

① अफ्गानिस्तान में बढ़ता आतंकवाद भारत के कश्मीर तथा चीन के शिंकियांग क्षेत्र को प्रभावित करता है।

② आतंकवाद के ~~विशेष~~ विरुद्ध भारत और चीन दोनों के द्वारा "हैण्ड-इन-हैण्ड" संयुक्त सैनिक अभ्यास का आयोजन भी किया गया।

③ वर्ष 2016 में भारत के गृहमंत्री की चीन यात्रा के दौरान आतंकवाद से संबंधित आसूचना के लेन-देन के मुद्दे पर भी समझौता हुआ।

~~भारत और चीन के बीच समुद्री सिल्क रूट की परियोजना~~

समुद्री सिल्क रूट की परियोजना (maritime Silk Rute)
(One-Road-one Belt)



one Road

(M) 9268098169
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

चीन का उद्देश्य :→

① चीन सिल्क रूट के माध्यम से अपने सॉफ्ट पावर का विस्तार कर रहा है और समुद्री सिल्क रूट के विकास के लिए चीन द्वारा "एशियाई आधारभूत संरचना निवेश बैंक (AI तथा ब्रिक्स विकास बैंक या नवीन विकास बैंक से सहायता ली जाएगी। (न्यू डेवलपमेंट बैंक)

② चीन के द्वारा दक्षिणी-पूर्वी एशियाई देशों, मध्य एशिया और अफ्रीका के बड़े बाजारों को नियंत्रित करने का प्रयत्न किया जा रहा है।

③ वर्तमान में पहली बार चीन की आर्थिक विकास दर 10% से नीचे आ गया है और चीन के द्वारा आर्थिक विकास को बनाये रखने के लिए अन्य देशों में निवेश की योजना बनाई गई है।

④ चीन के द्वारा क्षेत्रीय समग्र आर्थिक सहभागिता के विचार का भी प्रस्ताव किया गया है जिसमें दक्षिणी-पूर्वी एशियाई क्षेत्र के 10 देश, चीन, जापान, द० कोरिया, भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैण्ड को शामिल किया गया है।

⑤ समुद्री सिल्क रूट का उद्देश्य केवल आर्थिक नहीं है बल्कि इसका अत्यंत सामरिक महत्व भी है। जिसके द्वारा चीन दक्षिणी चीन सागर एवं हिन्द महासागर में अपनी सामरिक उपस्थिति और प्रभावशाली बनाएगा और पाकिस्तान के ग्वादर, म्यांमार के कोको द्वीप पर चीन सैनिक अड्डे का भी विकास कर रहा है।

⑥ चीन के द्वारा समुद्री शक्ति का विस्तार करके अमेरिकी प्रभुत्व को सीधे चुनौती दी जा रही है।

भारत और समुद्री सिल्क रूट

① परोक्ष रूप में भारत समुद्री सिल्क परियोजना का भाग बन चुका है।

② ब्रिक्स विकास बैंक में भारत शामिल है तथा एशियाई आधारभूत संरचना निवेश बैंक का भी भारत सदस्य है।

③ चीन ने प्रस्तावित सिल्क रूट में कोलकाता पत्तन को भी शामिल किया गया है।

④ परंतु चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भारत अपने हितों के प्रतिकूल मानता है।

(M) 92680981.9
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. ... All Subject
(IAS/PCS) All ... vailable
701, Shop ...
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009

भारत द्वारा अपनाये गए उपाय

1. स्पाइस रूट या मौसम प्रोजेक्ट

① भारत के संस्कृति मंत्रालय के द्वारा भारत के परम्परागत व्यापारिक और सांस्कृतिक प्रभावों को पुनर्जीवित करने के लिए मौसम प्रोजेक्ट की पहल की गई।

② इस परियोजना के द्वारा दक्षिणी-पूर्वी एशियाई देश, प० एशियाई देश तथा अफ्रीका के साथ व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ करने पर बल है।

③ भारत के द्वारा चाबाहार पोर्ट के विकास के लिए ईरान ईरान के साथ समझौता किया गया और भारत, ईरान एवं रूस के बीच उत्तरी-दक्षिणी कोरीडोर के निर्माण का भी प्रस्ताव किया है।

BCIM (बांग्लादेश, चाइना, इंडिया, म्यांमार)

① चारों देशों के बीच आर्थिक कारीडोर के निर्माण का समझौता किया गया है जिसमें राजमार्ग, पाइपलाइन (तेल+गैस) तथा राजमार्ग के आसपास औद्योगिक क्षेत्रों का भी विकास किया जाएगा।

② BCIM कुनमिंग से कोलकाता के बीच में होगा और यह आर्थिक गलियारा भारत-चीन संबंधों में सकारात्मक बदलाव का संकेत है जिसके अनुसार दोनों के बीच सहयोग समूचे क्षेत्र के विकास में सहायक है।

इससे चीन को होने वाले लाभ:-

① चीन के पिछड़े प्रांत युनान को दक्षिण एशियाई देशों से जोड़ा जाएगा क्योंकि युनान्य भूमि आबद्ध है।

② चीन का निवेश बांग्लादेश और म्यांमार में बढ़ेगा, जो पहले से ही चीन के बड़े व्यापारिक भागीदार हैं।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No.
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-9

भारत को फायदा

① भारत के पूर्वोत्तर राज्यों का विकास सरकार का मूल उद्देश्य है और यह गलियारा असम, मणिपुर होकर जाएगा; इसलिए पूर्वोत्तर राज्यों के विकास में सहायक होगा।

② भारत और चीन के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ने से दोनों के बीच विद्यमान अविश्वास भी कम होगा।

निष्कर्ष :- आर्थिक रूप में चीन को अवसर के रूप में देखा जा सकता है। इसलिए चीन का विकास एशिया के विकास में सहायक हो सकता है परन्तु सामरिक रूप में दोनों एक-दूसरे को प्रतिस्पर्धी मानते हैं और दोनों में गहरा अविश्वास है।

→ Containment (सामरिक रूप में)
परिरोधन की नीति

→ Engagement (आर्थिक रूप में)
संबंध बेहतर करने की नीति

	1985	2016
अमेरिका	45%	22%
चीन	1%	18%

~~विश्व अर्थव्यवस्था~~
पर नियंत्रण

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)	ब्रिक्स विकास बैंक	AIIB एशियाई आधारभूत संरचना निवेश बैंक
① भुगतान संतुलन के संकट से निपटने के लिए सहायता	① आधारभूत संरचना और सतत् विकास के लिए आर्थिक सहायता	① चीन केन्द्रित बैंक है।
② सहायता में शर्त	② सहायता में शर्त नहीं	② इसमें चीन का आर्थिक योगदान सबसे ज्यादा है (21-22%)
③ मतदान, आर्थिक योगदान के अनुपात में	③ मतदान में सभी सदस्यों का महत्व बराबर	③ भारत का योगदान दूसरे नं. पर है लेकिन चीन का 1/3 है।
④ IMF के निर्णय पर नियंत्रण → विश्व के सभी अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस इटली, ब्रिटेन, कनाडा, जापान	④ निर्णय निर्माण में भी सभी सदस्यों के महत्व बराबर है।	④ आधारभूत संरचना के विकास के लिए सहायता विशेषरूप से समग्र विकास के लिए।
	⑤ विकासशील देशों का बैंक है।	⑤ इस बैंक के द्वारा समूचे एशिया में चीन का निर्णायक प्रभाव बढ़ेगा और एशियाई विकास बैंक जिस पर जापान का आधिपत्य है उसके बजाय एशियाई आधारभूत संरचना निवेश बैंक का महत्व बढ़ेगा।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

Que :- भारत एवं चीन के बीच सहयोग के प्रभावी मुद्दे विद्यमान है इसके बावजूद दोनों के बीच गंभीरतम विवाद भी बना हुआ है। टिप्पणी कीजिए।

उत्तर :-

21वीं सदी चीन की सदी मानी जा रही है तथा भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में लगातार उभर रहा है

सहयोग के बिन्दु

① भारत और चीन वर्तमान विश्व अर्थव्यवस्था के विकास के इंजन बन चुके हैं और दोनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, ब्रिक्स विकास बैंक, एशियाई आधारभूत संरचना निवेश बैंक (AIIB), BCIM सहयोग है।

विवाद के बिन्दु :→ भारत के पक्ष

भारत का पक्ष

① सीमा विवाद
② व्यापार घाटा
③ चीन-पाकिस्तान का गठजोड़

चीन का पक्ष

① तिब्बतियों के भारत में रहने से
② भारत, अमेरिका और जापान के बीच बढ़ता सामरिक संबंध

निष्कर्ष :- भारत-चीनी संबंध अत्यधिक जटिल किस्म के हैं जहाँ आर्थिक क्षेत्र में दोनों के बीच सहयोग बना हुआ है परन्तु सामरिक क्षेत्र में अविश्वास एवं प्रतिस्पर्धा निरंतर कायम है।

Que :- आतंकवाद समूचे विश्व की सुरक्षा के लिए एक साझा खतरा है। इसके बावजूद आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और चीन के दृष्टिकोण में विद्यमान असहमतियों को उजागर कीजिए।

Que :- भारत और चीन के बीच ब्रह्मपुत्र नदी जल विवाद को स्पष्ट कीजिए। इस संबंध में भारत का चीन के प्रति दृष्टिकोण भारत के छोटे पड़ोसी देशों के प्रति दृष्टिकोण से कैसे अलग होना चाहिए। उदाहरण सहित बताइये।

उत्तर :- ① ब्रह्मपुत्र नदी, जिसे चीन में यारलुंग सांगपो के नाम से जाना जाता है, इस पर चीन के द्वारा बांध बनाया जा रहा है।

② चीन के अनुसार यह बांध बिजली उत्पादन के लिए है (Non of consumption of use of water के लिए) इससे भारत के हित प्रभावित नहीं होंगे।

③ चीन के द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाये जा रहे बांध से भारत पर चीन अतिरिक्त दबाव का प्रयोग करता है।

④ चीन, भारत का बड़ा पड़ोसी देश है इसलिए उसके साथ बांग्लादेश के जैसा व्यवहार संभव नहीं है।

⑤ छोटे पड़ोसी देशों को भारत एक तरफा छूट देने की नीति अपनाता है जो चीन के लिए उपलब्ध नहीं हो सकती।

⑥ दोनों देशों के बीच जल विवाद के मुद्दे का द्विपक्षीय और शांतिपूर्ण रूप में समाधान होना चाहिए।

चीन - पाकिस्तान के संबंध और उसका भारत पर प्रभाव :→

1. चीन - पाकिस्तान के बीच के संबंध को व्यक्त करते हुए पाकिस्तानी राष्ट्रपति का कहना है कि "ये संबंध हिमालय से ऊँचे तथा समुद्र से गहरे हैं।"

2. चीन और पाकिस्तान के बीच अत्यधिक सामरिक संबंध विद्यमान हैं और चीन पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम के विकास में सहायता देता है तथा अत्यधिक संवेदनशील परमाणु पनडुब्बी भी प्रदान करता है।

3. पाकिस्तान के हथियारों के कुल आयात का 58% भाग चीन से आता है।

4. चीन के द्वारा गिलगित बाल्टिस्तान में जिस आर्थिक गलियारे का निर्माण किया जा रहा है उस पर वह भारत का भूभाग है या उस पर भारत का दावा है।

5. चीन जम्मू कश्मीर के निवासियों को स्टेपल वीज़ा प्रदान करता है जिसका अभिप्राय है, चीन कश्मीर को विवादास्पद क्षेत्र मानता है। इसलिए चीन का दृष्टिकोण पाकिस्तान के समान है।

6. चीन के द्वारा आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन किया जाता है तथा परमाणु आपूर्ति करता समूह (NSG) के मुद्दे पर भी चीन पाकिस्तान का समर्थक है।

निष्कर्ष:- चीन एवं पाकिस्तान का गठजोड़ भारत की सुरक्षा के लि गंभीर खतरा पैदा करता है। इसलिए भारत अपनी सामर्थ शक्ति के विस्तार पर लगातार बल दे रहा है परंतु चीन के साथ संबंधों को मधुर बनाये जाने पर भी समानांतर बल दिया जा रहा है।

भारत - अफगानिस्तान संबंध

1. 1947 - 1978 के बीच भारत और अफगानिस्तान के बीच संबंध मित्रतापूर्ण थे।

2. 1979 के बाद से समस्याएँ



1996 → अफगानिस्तान में तालीबान का शासन आ गया



अफगानिस्तान में भारत की भूमिका :→

Que :- भारत की अफगानिस्तान में आधारभूत संरचना के विकास एवं क्षमता निर्माण में भूमिका स्पष्ट कीजिए।

Ans :- ①. 2001 से लेकर वर्तमान तक भारत, अफगानिस्तान के क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल है। जिसके अंतर्गत अफगानी नागरिकों के कौशल विकास में सहायता दी जा रही है।

② इसके अंतर्गत अफगानी नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा, व्यावसायिक शिक्षा, कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

③ अफगानी छात्रों के भारत में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।

④ क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिए भारत अफगानिस्तान को आर्थिक सहायता (Line of Credit) भी दे रहा है।

soft loan interest - 1.75%

⑤ भारत, अफगानिस्तान को आर्थिक सहायता देने वाला विश्व का 5वाँ सबसे बड़ा देश है।

⑥ इसके द्वारा भारत अपने soft Power का विकास कर रहा है।

आधारभूत संरचना का विकास :-

① अफगानिस्तान में भारत के द्वारा देलराम - जारांग राजमार्ग का निर्माण किया गया है जिसके द्वारा अफगानिस्तान, ईरान के बीच सड़क सम्पर्क स्थापित किया गया है। क्योंकि अफगानिस्तान एक भूमि-आबद्ध देश है।

② भारत - अफगानिस्तान, ईरान के बीच त्रिपक्षीय समझौते के द्वारा चाबहार पत्तन के विकास का कार्य भारत कर रहा है।

③ भारत के द्वारा सलमा बांध का निर्माण किया गया है जिसके द्वारा ~~अफ~~ काबुल के लिए बिजली आपूर्ति की जाती है।

④ भारत ने अफगानिस्तान के संसद भवन का भी निर्माण किया है।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

2001 के बाद अफगानिस्तान

① लोकतांत्रिक सरकार का गठन

② चार प्रकार के भाषायी समूहों में विभाजित (अफगानी)

(a) पश्तून → 40% → पाकिस्तान के समर्थक
(b) उजबेक
(c) ताजिक
(d) हजारा

③ इसलिए अफ्गानिस्तान की इस सामाजिक विविधता के कारण वहाँ राष्ट्रीय एकता की सरकार का निर्माण किया गया। जिसके अंतर्गत अफ्गानिस्तान के सभी समूहों को सरकार में प्रतिनिधित्व दिया गया है।

④ सामाजिक विविधता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति अशरफ गनी के अलावा अब्दुल्ला-अब्दुल्ला को सरकार का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया।

⑤ राष्ट्रीय एकता की इस सरकार में अभी-भी मंत्रालयों के विभाजन के मुद्दे पर विभिन्न समूहों में मतभेद बने हुए हैं। इसलिए अफ्गानिस्तान में शासन के स्थायित्व की गारंटी अभी भी नहीं है।

② 2001 में अमेरिका ने NATO की सेना की तैनाती की। जिसे International security Assistance force (ISAF) का भी नाम दिया गया।

⇓

उद्देश्य →
- अलकायदा की समाप्ति
- आतंकवाद की समाप्ति
- अफ्गानिस्तान की अपनी पुलिस एवं सेना का विकास किया जाए।

* वर्तमान में (2016) अंतर्राष्ट्रीय सेनाओं ने अफ्गानिस्तान छोड़ दिया है था (अमेरिकी सेनाओं ने अफ्गानिस्तान छोड़ दिया है।) और अमेरिका के केवल 9000 सैनिक अफ्गानी सेनाओं को प्रशिक्षण देने के लिए अफ्गानिस्तान में तैनात हैं।

* अफ्गानिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था लगातार संकटग्रस्त बनी हुई है।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Course Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

③ आर्थिक –

① अफ्गानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए अमेरिका, जर्मनी, जापान जैसे देशों के द्वारा आर्थिक सहायता दी जा रही है।

② अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के द्वारा और देशों के द्वारा मिलने वा आर्थिक सहायता अफ्गानिस्तान के विकास के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए अफ्गानिस्तान के निवासी अभी भी शासन से अपने-आप को अलग महसूस करते हैं।

तालिबान का पुनः प्रभावी उभार

① अफ्गानिस्तान में विद्यमान संकट राजनीतिक अस्थायित्व तथा सुरक्षा के बेहतर प्रबंध के अभाव के कारण तालिबानी पुनः शक्तिशाली बन रहे हैं।

② तालिबानी वर्तमान अफ्गानिस्तान की सरकार को अमेरिका के हाथों की कठपुतली मानते मानते हैं।

③ उनके अनुसार अफ्गानिस्तान में वर्तमान लोकतांत्रिक शासन अफ्गानिस्तान के ऊपर थोपा गया है जिसे बदलकर इस्लामी शासन की स्थापना होनी चाहिए।

इस्लामी क्रांति → 1979 (ईरान में)

(4) इनके अनुसार अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को पूर्णतः समाप्त किया जाए।

~~अफगानिस्तान~~

महाशक्तियों और पड़ोसी देशों का अफगानिस्तान के संबंध में दृष्टिकोण :-

पाकिस्तान का दृष्टिकोण :-

(i) पाकिस्तान अफगानिस्तान में सदैव अपना प्रभुत्व बनाये रखना चाहता है।

(ii) पाकिस्तान के द्वारा अफगानिस्तान में तालिबानियों का समर्थन किया जाता है।

(iii) पाकिस्तान अफगानिस्तान में भारत की उपस्थिति का कट्टर विरोधी है।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Course Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

ईरान का दृष्टिकोण :-

(i) ईरान तालिबानी शासन एवं विचारधारा का समर्थक नहीं है।

(ii) परन्तु ईरान अफगानिस्तान में अमेरिका के बढ़ते प्रभाव के भी विरुद्ध है।

~~(iii)~~ मध्य एशियाई देशों का दृष्टिकोण :-

(i) मध्य एशियाई देश तालिबान के समर्थक नहीं हैं बल्कि तालिबान के बढ़ते प्रभाव से मध्य एशियाई देश अत्यधिक चिंतित हैं।

(11) उज्बेकिस्तान जैसे देश में इस्लामी आतंकी संगठनों का प्रभाव बढ़ रहा है।

चीन का दृष्टिकोण :→

(1) अशरफ गनी सरकार के आने के बाद चीन के द्वारा अफगानिस्तान में सक्रियता बढ़ा दी गई है और चीन-पाकिस्तान ने मिलकर तालिबानियों के साथ शांति बहाली की प्रक्रिया आरंभ की।

(11) चीन तालिबान का समर्थक नहीं है। क्योंकि चीन के ~~शिंगकियांग~~ प्रांत में उग्रवाद की समस्या बनी हुई है।

(111) अफगानिस्तान में चीन पाकिस्तान का प्रबल समर्थक है।

रूस का दृष्टिकोण :→

रूस का चेचेन्या आतंकवाद से पीड़ित है। इसलिए रूस भी तालिबानियों का समर्थक नहीं है। परन्तु रूस, अमेरिका की अफगानिस्तान में उपस्थिति का भ समर्थक नहीं है।

Heart of Asia

(1) अफगानिस्तान में शांति और स्थायित्व के लिए रूस के द्वारा यह प्रक्रिया शुरू की गई। जिसे इस्तांबुल (तुर्की प्रक्रिया के नाम से भी जानते हैं। जिसमें रूस के

अतिरिक्त एशियाई देश शामिल हैं। जिसमें भारत, पाकिस्तान, ईरान, मध्य एशियाई देश और चीन प्रमुख हैं।

(ii) वर्ष 2011 से चलने वाली इस शांति प्रक्रिया का सकारात्मक परिणाम नहीं आ पा रहा है। क्योंकि सभी राज्यों के हित अलग-अलग हैं। जहाँ सहयोग के बजाए हितों का टकराव हो रहा है।

(iii) Heart of Asia सम्मेलन के द्वारा इस क्षेत्र में शांति एवं स्थायित्व के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिसके अंतर्गत तुर्कमेनिस्तान और भारत को गैस पाइपलाइन से जोड़ा जाएगा, जो अफ्गानिस्तान, पाकिस्तान होकर आएगी।

भारत के अफ्गानिस्तान में हित :-

(i) भारत एक महाशक्ति है इसलिए भारत के हितों का विस्तार वैश्विक है।

(ii) अफ्गानिस्तान, भारत का महत्वपूर्ण पड़ोसी है। जिसमें भारत के द्वारा आधारभूत संरचना तथा अन्य निजी कंपनियों ने अफ्गानिस्तान में बड़ा निवेश किया है।

(iii) अफ्गानिस्तान की भौगोलिक अवस्थिति अत्यधिक महत्वपूर्ण है जिसकी सीमा पाकिस्तान, ईरान, मध्य एशियाई देश और चीन के साथ मिलती है। और पाकिस्तान

के अंत बलूचिस्तान की सीमा अफगानिस्तान से मिलती है। इसलिए अफगानिस्तान में भारत की उपस्थिति से पाकिस्तान पर भी प्रभाव पड़ता है

(iv) भारत और अफगानिस्तान के बीच अधिकारिक रूप में सामरिक सहयोग का समझौता हुआ है।

(v) वर्तमान में भारत के द्वारा अफगानी सेनाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा भारत ने अफगानिस्तान को MI 35 हेलिकॉप्टर भी दिये हैं।

(vi) अफगानिस्तान मध्य एशियाई देशों का प्रवेश द्वार है और वर्तमान में "Connect Central Asia" नीति के द्वारा भारत मध्य एशियाई देशों के साथ आर्थिक एवं सामरिक संबंध सुदृढ़ कर रहा है।

(vii) अफगानिस्तान में लोकतांत्रिक सरकार एवं स्थायित्व भारत के हितों के लिए अत्यधिक सकारात्मक है।

अफगानिस्तान में अपने हितों को बनाये रखने के लिए उपाय :→

(i) अफगानिस्तान में भारत को सेना भेजने के विकल्प पर विचार नहीं करना चाहिए।

(ii) अफगानिस्तान में क्षमता निर्माण कार्यक्रम एवं आधारभूत संरचना के विकास में ज्यादा से ज्यादा योगदान।

(iii) अफगानी सेनाओं को प्रशिक्षण जारी रखना एवं अफगानिस्तान को सैनिक सहायता देना।

(iv) अफगानिस्तान के सभी नृजातीय समूहों के साथ बेहतर संबंध का निर्माण का प्रयोग।

(v) भारत के द्वारा रूस ईरान मध्य एशियाई जैसे देशों के साथ सहयोग करके इस क्षेत्र में शांति एवं स्थायित्व बनाने में योगदान करना चाहिए।

Que. अफगानिस्तान में भारत के किस प्रकार के हित संलग्न हैं? इसे संरक्षित करने के लिए हमें किन उपायों को अपनाना चाहिए?

Que अफगानिस्तान में भारत की उपस्थिति भारत के महाशक्ति के दावे का परीक्षा स्थल है।

→ आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध
→ आर्थिक प्रतिबंध हटाना शुरू किया।
→ भारत मूल के लोगों का बढ़ता प्रभाव।

1965–2002
⇓
हथियारों की supply बंद रही।

वर्तमान में भारत-अमेरिकी संबंध मजबूत होने के उत्तरदायी कारण :→

① उदारीकरण की नीति और भारत का बड़े बाजार के रूप में उभार।

② आतंकवाद के विरुद्ध साझा सहयोग।

③ भारतीय मूल के लोगों का अमेरिका में बढ़ता प्रभाव।

④ चीन के शक्तिशाली आर्थिक और सैनिक उभार को सीमित करने के लिए अमेरिका ने भारत के साथ सामरिक संबंधों पर बल दिया।

आर्थिक से सामरिक संबंधों का विकास :-

2002 :- हथियारों को भारत को देना पुनः शुरू किया।

2004 :- (i) Next step to stretagic partnership.
↳ उच्च तकनीकी सहायता की पहल

(ii) Framework cooperation on Defence Agreement
⇓
(a) साझे सैनिक अभ्यास समझौते पर सहमति
(b) अधिकारियों का विनिमय
(c) हथियारों की खरीद

④ Defence Trade Technology Initiative

पहली बार इस पहल के द्वारा यह सहमति हुई कि भारत अमेरिका के रक्षा संबंध केवल क्रेता-विक्रेता तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि रक्षा सामग्री के विकास और उत्पादन में साझा सहयोग करेंगे।

LEMOA

Logistic Exchange Memorandom of Agreement

इसकी आवश्यकता क्यों हुई:-

① वर्तमान में भारत और अमेरिका के साथ सबसे बड़ी संख्या में साझे सैनिक अभ्यास किये जा रहे हैं।

② अमेरिका एक वैश्विक शक्ति है, जिसकी सेनाओं की तैनाती विश्व के प्रत्येक भाग में है, जबकि हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत एक प्रमुख सैनिक शक्ति है।

③ वर्तमान में भारत और अमेरिका के बीच प्रगाढ़ सामरिक और सैनिक संबंधों का विकास हो रहा है। जिसका तार्किक परिणाम Logistic समझौता है।

समझौता क्या है?

① अमेरिकी सेनाओं को भारत के सैनिक अड्डों के प्रयोग की सुविधा दी जाएगी तथा भारत भी अमेरिकी सेनाओं के सैनिक अड्डों का प्रयोग कर सकेगा।

② इस समझौते के द्वारा दोनों देश एक-दूसरे की सेनाओं को ईंधन, खाद्य सामग्री, पानी अथवा चिकित्सीय सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

③ यह Logistic सुविधा संयुक्त सैनिक अभ्यास, मानवता रक्षा कार्यों तथा शांति अभियानों के दौरान लेन-देन किया जाएगा।

👉 यह सैन्य समझौते से अलग है।
(Defence Pact)

① इस समझौते के द्वारा अमेरिका भारत में अपना सैनिक अड्डा नहीं बना सकता और न ही युद्ध के दौरान दोनों एक-दूसरे की सहायता के लिए विवश होंगे। क्योंकि यह समझौता Defence Pact नहीं है बल्कि Logistic समझौता है।

आलोचकों की राय :-

① भारत-अमेरिका के साथ Logistic समझौता भारत की सामरिक स्वायत्तता की विदेश नीति के प्रतिकूल है। क्योंकि भारत को अमेरिका के हितों के लिए उपयोग किया जा सकता है।

② इस समझौते का ज्यादा लाभ अमेरिका को होगा, क्योंकि अमेरिका के सैनिक ऐसे क्षेत्र में तैनात हैं जबकि भारतीय सैनिकों की तैनाती सीमा है।

③ भारत-अमेरिका के बीच Logistic समझौते से भारत-चीन के बीच अविश्वास बढ़ेगा तथा रूस के साथ सामरिक संबंध भी प्रभावित होंगे।

CISMOA

[Communication Interoperability security memorandum of Agreement]:→

BECA

[Basic Exchange cooperation Agreement on Geo-Spatial information]

निष्कर्ष :→ भारत एक महाशक्ति है जबकि सं.रा. अमेरिका एक वैश्विक शक्ति है और भारत अमेरिका से सहयोग करके अपनी सामरिक क्षमता का विस्तार कर रहा है।

भारत रूस और फ्रांस के साथ भी सैनिक और सामरिक संबंध बनाने पर समानांतर बल दे रहा है। इसलिए सामरिक स्वायत्तता के उल्लंघन का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।

सिविल परमाणु समझौता

यह समझौता क्या है?

(1.) भारत-अमेरिका के बीच शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए (बिजली उत्पादन) सिविल परमाणु समझौता किया गया।

(2.) इस समझौते के अनुसार अमेरिका भारत को परमाणु तकनीकी एवं ईंधन प्रदान करेगा।

(3.) इस समझौते से भारत एकमात्र देश बन गया, जिसने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है, परन्तु भारत को अमेरिका परमाणु रियक्टर और ईंधन प्रदान करेगा।

④ इस समझौते के परिणाम स्वरूप भारत के द्वारा अपने परमाणु रियक्टर की दो श्रेणियों बनाई जाएंगी-

ⓐ शांतिपूर्ण प्रयोग हेतु।
ⓑ सैन्य अनुसंधान हेतु।

O.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

समझौते को क्रियान्वित करने के उपाय

① अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी (IAEA) के द्वारा भारत के साथ विशेष समझौता किया गया। जिसके अनुसार एजेन्सी भारत के केवल सिविल परमाणु अनुसंधान केन्द्रों का निरीक्षण करेगी।

② परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (NSG) के द्वारा भारत को विशेष छूट प्रदान किया गया।

समझौते के परिणाम

① भारत - अमेरिका सिविल परमाणु समझौते के बाद भारत ने फ्रांस, रूस, ऑस्ट्रेलिया, द० कोरिया, नामिबिया, कजाकिस्तान और जापान के साथ भी सिविल परमाणु समझौता सम्पन्न कर लिया।

② भारत की ऊर्जा सुरक्षा के अलावा यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते सामरिक संबंधों का उदाहरण है।

③ इस समझौते से भारत की विशिष्ट और विशेषाधिकारवादी स्थिति बन गई। क्योंकि भारत विश्व का एकमात्र देश बन गया जिसने NPT पर हस्ताक्षर नहीं किया और उसे परमाणु तकनीकी और परमाणु ईंधन भी प्राप्त हो रहा है।

④ भारत के ऊपर लगाये गये तमाम प्रतिबंध समाप्त कर दिये गये, जो 1998 के परमाणु परीक्षण के बाद लगाये गये थे।

सिविल परमाणु समझौते में समस्या

① वर्ष 2010 में परमाणु क्षति संबंधी नागरिक जिम्मेदारी (civil liability for Nuclear Damage Act, 2010) का कानून बनाया गया।



② अमेरिका के द्वारा यह कहा गया कि अमेरिका द्वारा लगाये गये परमाणु रियक्टर की निगरानी अमेरिका करेगा, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी नहीं करेगी।

{ ट्रैकिंग क्लॉज (Tracking clause) }

विवादों का समाधान

① भारत- अमेरिका के बीच सिविल परमाणु समझौते को क्रियान्वित करने के लिए विद्यमान बाधाओं को दूर कर लिया गया और वर्ष 2015 में मोदी और ओबामा के बीच यह समझौता हुआ कि परमाणु दुर्घटना के मुआवजे के लिए Insurance Pool का निर्माण किया जायेगा तथा मुआवजा Insurance Pool देगी।

② अमेरिका ट्रैकिंग क्लॉज वापस लेने पर सहमत होगया। जिसके अनुसार भारत में लगाए गये रियक्टर की निगरानी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेन्सी ही करेगा। जिससे भारत- अमेरिकी संबंधों में पुनः नई गतिशीलता देखने को मिली।

भारत- अमेरिका के बीच मतभेद के बिन्दु

① भारत- अमेरिका के बीच मतभेद का मुख्य मुद्दा अमेरिका की आधिपत्यवादी निर्देशक व्यवहार के विरुद्ध है। क्योंकि अमेरिका समानता के आधार पर व्यवहार करने के बजाए भारत को पिछलग्गू बनाने का प्रयत्न करता है।

② वर्तमान में वीज़ा नीति को लेकर भी भारत- अमेरिका के बीच मत भेद है और अमेरिका के द्वारा H-1B वीज़ा जो कुशल श्रमिकों को दिया जाता है, ~~कि~~ की वीज़ा राशि को बढ़ाकर 4 हजार डॉलर कर दिया गया है और वीज़ा की संख्या भी सीमित की जा रही है।

③ जबकि अमेरिका के द्वारा किसी कंपनी की ओर से L-1 वीज़ा दिया जाता है। जिसकी राशि को बढ़ाकर 4,500 $ कर दिया ~~गया~~ है।

अमेरिका की Pivot Asia Policy (एशिया केन्द्रित नीति)

→ Rebalancing Act

① अमेरिका के द्वारा अपने समूचे सैनिकों के 60% भाग की तैनाती एशिया-प्रशांत क्षेत्र में की जा रही है।

② अमेरिका के द्वारा भारत को 21वीं शताब्दी का सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी कहा गया है।

③ चीन के साथ रचनात्मक संबंधों पर बल है परन्तु अमेरिका अपने हितों की रक्षा करेगा।

④ एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नये मित्रों के साथ (जैसे मलेशिया) सुदृढ़ संबंध तथा पुराने मित्रों (जैसे जापान, कोरिया) के साथ बेहतर संबंधों का विकास।

⑤ इस क्षेत्र में आर्थिक संगठनों को बढ़ावा देना तथा Trans pacific Partnership को मजबूत करना।

अमेरिका – भारत और चीन

① भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते सुदृढ़ सामरिक संबंधों को चीन अपने विरुद्ध मानता है।

अपने मित्र देशों के साथ क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

(2) समुद्री सिल्क रूट योजना के अंतर्गत चीन के द्वारा क्षेत्रीय समग्र आर्थिक सहभागिता (Regional Comprehensive Economic Partnership) के विचार को आगे बढ़ाया है। जिसमें द०-पूर्वी एशिया के 10 देश चीन, जापान, द० कोरिया तथा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, और भारत को सम्मिलित करने का प्रस्ताव है। TPP को इसके विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

TPP & India

(1) भारत का इन प्रशान्त महासागरीय देशों के साथ बेहतर व्यापारिक संबंध है और इन देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते से भारत को व्यापारिक घाटा संभव है। क्योंकि इन देशों के बाजारों में भारतीय वस्तुएँ मंहगी हो जाएंगी।

(2) यद्यपि भारत और सिंगापुर के बीच मुक्त व्यापार का समझौता है इसलिए भारत-सिंगापुर व्यापार पर इसका कम प्रभाव होगा।

(3) इस समझौते के अंतर्गत स्वीकृत श्रम और पर्यावरणीय कानूनों के अनुसार भारत को अपने अधिनियमों में परिवर्तन करना पड़ेगा, जो भारत की वर्तमान सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों के अनुकूल नहीं है। इसलिए भारत ने फिलहाल इसमें भागीदारी से इनकार कर दिया। क्योंकि

उससे होने वाले लाभ की तुलना में घाटे की संभावना अधिक थी।

G-20

पृष्ठभूमि

1975 → G-7 ⟹ मूल उद्देश्य

ⓐ USA, Canad
ⓑ Germany, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली
ⓒ जापान

विश्व के वित्तीय प्रबंध के लिए आपसी नीतियों में समन्वय और सामंजस्य करना एवं विश्व के विभिन्न वित्तीय मुद्दों पर विचार विमर्श करना।

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

1997 → G-8 (रूस)

1999 → G-20 की स्थापना की गई।
क्योंकि दुनिया के अनेक विकासशील देश शक्ति के केन्द्र के रूप में उभर रहे थे। इसलिए विश्व वित्तीय व्यवस्था के निर्माण में उनकी भूमिका को भी शामिल किया गया।

भारत, चीन, इंडोनेशिया, तुर्की, सउदी अरब, द० कोरिया — ब्राजील, मैक्सिको — द० अफ्रीका — G-8 के देश और EU

(2) अतः पहली बार G-20 के माध्यम से विकसित देशों के अलावा विकासशील देशों की भूमिका को भी वैश्विक वित्तीय प्रबंध में महत्वपूर्ण माना गया।

वैश्विक आर्थिक मंदी और G-20

(1) वर्ष 2008 की यूरोपीय-अमेरिकी आर्थिक मंदी के बाद यह माना जाने लगा कि G-8 का स्थान अब G-20 ने ले लिया है। क्योंकि वर्तमान आर्थिक विकास में विकासशील देशों की भूमिका निर्णायक बनती जा रही है।

(2) G-20 के मंच पर वैश्विक वित्तीय मुद्दों के प्रबंधन के साथ-साथ राज्यों के बीच द्विपक्षीय सहयोग का अवसर भी प्राप्त होता है।

(3) एक राज्य दूसरे राज्य के बेहतर वित्तीय प्रबंधन से सीख भी ले सकता है क्योंकि G-20 के मंच पर राज्यों के central bank के Governer का भी सम्मेलन होता है।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268106159

G-20 की समस्या

(1) G-20 अभी भी एक समूह है। इसका कोई सचिवालय नहीं है।
(2) आलोचक इसे केवल इसे एक बातूनी मंच मानते हैं जहाँ राज्यों के द्वारा लिये गये ~~निर्णय~~ किसी निर्णय को क्रियान्वित करने का भी प्रावधान नहीं है।

Hongzow Conference → 2016
G-20

① एक महत्त्वपूर्ण प्रगति के अंतर्गत अमेरिका और चीन के द्वारा पेरिस पर्यावरणीय समझौते को अनुमोदित करने की घोषणा की गई।

② विश्व वित्तीय व्यवस्था में प्रयोग किये जा रहे संरक्षणवादी नीतियों के विरुद्ध असंतोष व्यक्त किया गया।

③ भारतीय प्रधानमंत्री के द्वारा आतंकी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रतिबंधित करने की मांग उठायी।

④ शरणार्थियों की समस्या के प्रति चिंता व्यक्त की गई।

⑤ G-20 के मंच पर दक्षिण चीन सागर का मुद्दा भी उठाया गया। यद्यपि इसे सम्मेलन के अंतिम घोषणा-पत्र में शामिल नहीं किया गया।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

भारत और मध्य एशिया

(1) मध्य एशियाई देशों के साथ भारत के संबंध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक हैं।

(2) 1991 में उदारीकरण की नीति अपनाने के बाद मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापारिक, आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने का प्रयत्न किया गया।

(3) मध्य एशियाई देशों के भूमि आबद्ध होने के कारण संचार संपर्क में कठिनाई बनी रहती है इसलिए ~~वर्ष 20~~

वर्ष 2012 में भारत के द्वारा "कनेक्ट सेन्ट्रल एशिया" नीति की घोषणा हुई और वर्ष 2016 में भारतीय प्रधानमंत्री के द्वारा मध्य एशिया के सभी 5 देशों की यात्राएँ की गई।

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098158

भारत के मध्य एशिया में हित

① मध्य एशियाई क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न हैं। तुर्कमेनिस्तान, ईरान, रशिया, कतर के अलावा विश्व का प्रमुख गैस उत्पादक और निर्यातक देश है। इसलिए ही तुर्कमेनिस्तान और भारत के बीच TAPI गैस पाइपलाइन बिछाने का समझौता हुआ है।

② कजाकिस्तान के साथ सिविल परमाणु समझौता हुआ, कजाकिस्तान में यूरेनियम का बड़ा भण्डार है। इसलिए कजाकिस्तान भी भारत की ऊर्जा सुरक्षा में सहायक है।

③ मध्य एशियाई क्षेत्रों में भारत द्विपक्षीय व्यापार के अलावा क्षमता व्यापार कार्यक्रम में संलग्न है। जिसके द्वारा मध्य एशियाई देशों को कम्प्यूटर, तकनीकी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

④ मध्य एशियाई देशों का मध्य के लिए अत्यधिक सामरिक महत्व भी है और ताजाकिस्तान में भारत का एकमात्र किसी विदेशी भूमि पर निर्मित सैनिक अड्डा है।

⑤ मध्य एशियाई देश भी वर्तमान में आतंकवाद, नशीली दवाओं के अवैध व्यापार, पृथकतावाद तथा नृजातीय संघर्ष से पीड़ित हैं। इसलिए अफगानिस्तान में शांति स्थापित बनाये रखना भारत एवं मध्य एशिया दोनों के लिए समान रूप से उपयोगी है।

⑥ भारत-ईरान-अफगानिस्तान के बीच चाबहार पत्तन के विकास के समझौते के बाद सेंट्रल एशियाई देशों के लिए कनेक्टिविटी आसान हो गई।

शंघाई सहयोग संगठन

स्थापना → 1997

सदस्य → चीन, रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान

उद्देश्य :→ ① शंघाई सहयोग संगठन का मूल उद्देश्य इस क्षेत्र में विद्यमान आतंकवाद, पृथकतावाद, नशीली दवाओं के अवैध व्यापार को प्रतिबोधित करना था।

② इसके क्रमिक विकास के दौरान संगठन के मंच पर आर्थिक सहयोग को भी बढ़ावा दिया गया और वर्तमान में संगठन में सुरक्षा और सैनिक मुद्दों पर भी आपसी सहयोग लिया जा रहा है तथा इनके बीच सैन्य अभ्यास भी आयोजित हो रहे हैं।

③ विशेषज्ञों का मत है कि शंघाई सहयोग संगठन नाटो के विकल्प के रूप में बनाया जा रहा है। इसलिए इसे 'पूर्व के नाटो' का भी नाम दिया गया।

शंघाई सहयोग संगठन और भारत

① वर्ष 2016 में एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटनाक्रम के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान दोनों को शंघाई सहयोग संगठन की पूर्ण सदस्यता प्रदान कर दी गई।

② शंघाई सहयोग संगठन चीन केन्द्रित संगठन है, जिससे यह प्रतीत होता है कि संगठन में चीन पाकिस्तान का समर्थन करेगा, जो भारत के लिए लाभकारी नहीं होगा।

③ भारत की सदस्यता को केवल पाकिस्तान के परिप्रेक्ष्य से देखना उचित नहीं है, क्योंकि भारत का संबंध रूस और मध्य एशियाई देशों के साथ अत्यधिक मित्रतापूर्ण है।

④ इस सदस्यता से भारत को मध्य एशियाई देशों में अपने प्रभाव बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

यूरोपियन यूनियन

{प० जर्मनी, फ्रांस, इटली, हॉलैण्ड, बेल्जियम, लक्जमबर्ग → नींव रखी

1952 :→ → यूरोपीय स्टील एवं कोयला यूनियन
+
→ परमाणु ऊर्जा के उत्पादन में सहयोग
⇓
1958 यूरोपीय आर्थिक समुदाय (रोम संधि के तत्त्व)
⇓
राजनीतिक एकीकरण की नींव रखी गयी।

- पूरे यूरोपियन आर्थिक समुदाय की एक यूरोपियन संसद का निर्माण कर दिया गया।
- यूरोपीय परिषद् में प्रत्येक सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों को शामिल किया जाता है।
- यूरोपीय मंत्रिपरिषद् ↓ इसमें सदस्य देशों के संबंधित विभागों के मंत्रियों को शामिल किया जाता है।
- यूरोपियन आयोग ⇓ सदस्य देशों के सिविल सेवकों को शामिल किया जाता है ⇓ क्योंकि यह यूरोपियन यूनियन की एक प्रशासनिक संस्था है।
- न्यायालय ⇓ यूरोपियन देशों के बीच विद्यमान विवादों को हल करना।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Cour... acility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

→ 1970 के दशक में यूरोपियन यूनियन के प्रभाव में और वृद्धि हुई, क्योंकि जर्मनी का शक्तिशाली उभार हुआ।

→ 1973 में ब्रिटेन ने यूरोपियन आर्थिक समुदाय की सदस्यता ले ली।

* ~~सोवियत संघ के विघटन से पूर्व यूरोप व पूर्व यूरोप गिर गये।~~ (~~रोमानिया, बुल्गारिया, हंगरी, पोलैण्ड~~)

→ 1994 मास्ट्रिच सन्धि → इस संधि से यूरोपियन आर्थिक समुदाय का नाम यूरोपियन यूनियन रखा गया।

यूरोपियन यूनियन के तीन पिलर का निर्माण हुआ।

- आर्थिक समुदाय
- सुरक्षा समुदाय
- घरेलू न्याय के मामले

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268198159

→ 1995 शेनजेन संधि → इसके द्वारा यूनियन में मुक्त आवागमन की सुविधा कर दी गई। जिससे लोगों का एकीकरण हुआ।

→ लेकिन ब्रिटेन शेनजेन संधि में शामिल नहीं हुआ।

→ 1999 में पहली बार यूरोपियन यूनियन के द्वारा साझी मुद्रा यूरो के प्रयोग की घोषणा कर दी गई।

→ लेकिन यूनियन के सभी सदस्यों ने यूरो नहीं अपनाया। उनमें से ब्रिटेन भी एक था।

→ 2001 के बाद पूर्वी यूरोपीय देश भी यूनियन में शामिल हो गये।

यूरोपीय यूनियन में समस्या की शुरुआत

आर्थिक समस्या :-

① ग्रीस, स्पेन जैसे देशों के आर्थिक संकट के परिणाम-स्वरूप यूरोपियन यूनियन के संपन्न देशों के द्वारा इनकी आर्थिक सहायता का प्रस्ताव किया गया। जिससे जर्मनी, इंग्लैण्ड देशों के नागरिक असंतुष्ट हो गये।

② यूनियन के आर्थिक एकीकरण के दौरान साझी मुद्रा तो अपना ली गई परंतु एक समान आर्थिक नीतियाँ निर्मित नहीं हो पाई।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Counselling facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

सामाजिक समस्या

① पूर्वी यूरोपीय देशों के नागरिक रोजगार की तलाश में जर्मनी और ब्रिटेन की ओर भागने लगे। जिससे ब्रिटिश वासियों में प्रवासियों के प्रति नकारात्मक धारणा उत्पन्न हो गई।

② सीरिया से आये शरणार्थियों ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया।

(iii) फ्रांस और बेल्जियम पर होने वाले आतंकी हमलों के परिणाम स्वरूप ब्रिटिशवासियों को यह प्रतीत होने लगा कि यूनियन में बने रहने से खतरे ज्यादा हैं।

ब्रिटेन का यूरोपीय यूनियन से अलगाव

① यूरोपियन यूनियन की स्थापना के बाद से पहली बार कोई सदस्य यूनियन से अलग हो रहा है।

② लिस्बन संधि के अनुच्छेद 50 के अनुसार ब्रिटेन अगले 2 वर्षों में यूनियन से अलगाव की शर्तों पर बातचीत करेगा।

③ जनमत संग्रह से ब्रिटेन यूनियन से स्वाभाविक रूप से अलग नहीं होगा बल्कि उसके लिए ब्रिटिश संसद द्वारा पारित 1972 की विधि को परिवर्तित करना होगा, जिसके द्वारा ब्रिटेन EU में शामिल हुआ था।

ब्रिटेन के अलगाव का EU पर प्रभाव

① ब्रिटेन यूनियन की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और ब्रिटेन के यूनियन से अलगाव के बाद यूरोपियन यूनियन में विद्यमान आर्थिक संकट और गहरा हो गया है और पौंड भी भी ऐतिहासिक रूप से गिरा है।

② ब्रिटेन के अलगाव के बाद यूनियन के अन्य सदस्य भी अलगाव के विकल्प पर विचार कर सकते हैं।

③ ब्रिटेन का अलगाव यूरोप में बढ़ते राष्ट्रवादी प्रवृत्तियों का परिणाम है। जो क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग के लिए सकारात्मक नहीं होगा।

अलगाव का प्रभाव नकारात्मक नहीं होगा

① यूरोपियन यूनियन की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी है और जर्मनी यूनियन को बचाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

② ब्रिटेन न तो शेनजेन संधि का भाग था और न ही इसने यूरो ज़ोन को स्वीकार किया था। इसलिए ब्रिटेन के अलग होने के बाद यूनियन का आर्थिक एकीकरण विघटित नहीं होगा।

③ स्वीट्जरलैण्ड और नॉर्वे जैसे देश यूनियन के सदस्य नहीं हैं फिर भी इन्होंने यूनियन के साथ मुक्त व्यापार के समझौते को क्रियान्वित किया है।

④ अतः ब्रिटेन यूनियन से अपना आर्थिक अलगाव नहीं करना चाहता बल्कि ब्रिटेन सामाजिक एवं राजनीतिक एकीकरण के विरुद्ध है।

ब्रिटेन के अलगाव का भारत पर प्रभाव

① वर्तमान में यूरोपियन यूनियन के साथ व्यापार के लिए भारत, इंग्लैण्ड और विशेषकर लंदन को व्यापारिक केन्द्र के रूप में प्रयोग करता है।

② भारत की अधिकांश कंपनियों के मुख्यालय लंदन में हैं जिन्हें अब विस्थापित करने की चुनौती उत्पन्न हो गई है

③ इंग्लैण्ड के कठोर वीज़ा नियमों के कारण पहले भारतीय पूर्वी यूरोपीय देशों के माध्यम से इंग्लैण्ड में प्रवेश कर जाते थे जो अब ~~कठी~~ कठिन होगा।

④ यूरोपीय यूनियन भारत का सबसे बड़ा द्विपक्षीय व्यापारिक सहयोगी (लगभग 75 b यूरो) है। इसलिए यूनियन की अस्थिरता भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी नकारात्मक है।

⑤ भारत का यूरोपियन यूनियन के सदस्यों में ब्रिटेन, फ्रांस जर्मनी, ~~पोलैण्ड~~, बेल्जियम जैसे देशों के साथ प्रमुख व्यापारिक संबंध विद्यमान है और यूनियन के ये देश भारत जैसे ~~बाज~~ बड़े बाजार को खोना नहीं चाहते। इसलिए EU और भारत के व्यापारिक और सामरिक संबंधों पर इसका मात्रात्मक प्रभाव हो सकता है; गुणात्मक प्रभाव नहीं होगा।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

अलगाव का ब्रिटेन पर प्रभाव

① ब्रिटेन को EU के प्रशासनिक खर्च के लिए वार्षिक वित्तीय योगदान नहीं करना होगा।

② यूरोपियन यूनियन में जर्मनी सबसे शक्तिशाली है और ब्रिटेन यूनियन में जर्मनी की अधीनता से मुक्त होना चाहता था।

③ ब्रिटेन में अन्य यूरोपीय देशों के प्रवासियों की संख्या में कमी होगी।

④ यूरोपियन यूनियन के अलगाव से यूनाइटेड किंगडम के भी विघटन का खतरा हो गया है क्योंकि UK में स्कॉटलैण्ड और वेल्स के निवासियों ने यूनियन में बने रहने के लिए मतदान किया था।

⑤ अभी तक सभी अंतर्राष्ट्रीय मंचों और संस्थाओं में यूरोपियन यूनियन का केवल एक प्रतिनिधि जाता था, अब इंग्लैण्ड को अपना प्रतिनिधि अलग से भेजना पड़ेगा और सभी संस्थाओं के साथ उन सदस्यता के लिए पुनः वार्ता करनी पड़ेगी।

⑥ ब्रिटेन को EU के बड़े बाजारों से वंचित होना पड़ेगा।

भारत और EU का संबंध

① भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यूरोपियन यूनियन स्वतंत्रता, मानव अधिकार जैसे मापदंडों को केन्द्रीय महत्व देता है।

(2) वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा द्विपक्षीय व्यापारिक भागीदार यूनियन है तथा वर्तमान में यूनियन भारत मे निवेश करने वाला प्रमुख देश भी है।

(3) यूरोपीय देश तकनीकी और वित्तीय रूप में सम्पन्न है जो भारत के मेक इन इंडिया कार्यक्रम, डिजिटल इंडिया तथा स्मार्ट सिटी के निर्माण में सहायक है।

(4) वैश्विक आतंकवाद भारत और यूनियन दोनों के लिए एक बड़ी साझी चुनौती बनगया है। और वर्तमान में फ्रांस और बेल्जियम में होने वाले हमले के बाद आतंकवाद के विरुद्ध सुदृढ़ सहयोग का निर्णय लिया गया है।

(5) भारत- EU के बीच वर्ष 2003 से शिखर वार्ता का आयोजन भी किया जा रहा है और 2016 में 13वी शिखर वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें आर्थिक एवं सामरिक सहयोग सुदृढ़ करने का निर्णय लिया गया।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

<u>सेवा के व्यापार के 4 mode</u>

mode-I → आउटसोर्सिंग → भारत को फायदा

mode-II → अस्थायी आवागमन → पर्यटक, मरीज → यूरोप को फायदा

mode-III → संस्थाओं की स्थापना – यूरोप को फायदा

mode-IV → प्राकृतिक व्यक्तियों (इंजीनियर, डॉक्टर) का आवागमन → भारत को फायदा

यूरोप और भारत के संबंधों में समस्या

① यूरोपीय यूनियन के द्वारा व्यापार में गैर-व्यापारिक मानकों का प्रयोग किया जाता है और वे श्रम और पर्यावरणीय मानक अपनाकर भारत की सस्ती वस्तुओं को अपने बाजारों में पहुंचने से प्रतिषेधित करते हैं।

② वे भारत के अप्रशिक्षित कुशल श्रमिकों के प्रवेश को सदैव रोकने का प्रयत्न करते हैं। तथा आउटसोर्सिंग व्यापार को भी प्रतिबंधित करते हैं।

③ वे बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के मुद्दों पर भी भारत की आलोचना करते हैं जबकि भारत में ऑटोमोबाइल और शराब के निर्यात पर शुल्कों को कम करने की मांग करते हैं।

④ भारत-EU के बीच आर्थिक सम्बंधों में वृद्धि हो रही है परन्तु सामरिक रूप में वे एक-दूसरे के लिए प्राथमिक नहीं हैं।

यूनियन के साथ संबंधों को और बेहतर करने के उपाय :→

① भारतीय विश्वविद्यालयों में यूरोपीय भाषा के अध्ययन को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

② वर्तमान में भारत का व्यापारिक संबंध मुख्यतः जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैण्ड, हॉलैण्ड, बेल्जियम के साथ है और

यूरोप के अन्य देशों में प्रवेश के लिए अभी यूरोप को व्यापार का केन्द्र बनाने की आवश्यकता है।

③ यूरोपीय देशों में भारत के सॉफ्ट पॉवर को प्रगाढ़ बनाने की जरूरत है।

④ भारत में यूनियन के आर्थिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष और अलग सेल (cell) की स्थापना (प्रकोष्ठ) करनी चाहिए।

Q.1. भारत और EU के बीच आर्थिक संबंधों के महत्व को उजागर कीजिए। दोनों के बीच मुक्त व्यापार में विद्यमान प्रमुख बाधाओं का उल्लेख कीजिए।

Q.2. ब्रिटेन के यूरोपियन यूनियन के अलगाव से EU का भविष्य संदिग्ध हो गया है। आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Q.3. भारत और EU के बीच आर्थिक संबंधों में निरंतर प्रगति हो रही है परन्तु सामरिक रूप में वे एक-दूसरे के लिए आकर्षक नहीं है कारण स्पष्ट कीजिए।

MTCR → Missile Technology Control Regime
(प्रक्षेपास्त्र तकनीकी नियंत्रण व्यवस्था)

परमाणु निर्यात नियंत्रण व्यवस्था
(Nuclear Export Control Regime)

① NSG → परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (1975) → (लंदन क्लब)

② ऑस्ट्रेलिया समूह (Australia Group)
↳ स्थापना → 1985

① इसके द्वारा रासायनिक और जैविक हथियारों के निर्यात को प्रतिबंधित किया गया। क्योंकि इन्हें व्यापक नरसंहार के हथियार माना जाता है। (weapons of mass destruction)

③ प्रक्षेपास्त्र तकनीकी नियंत्रण व्यवस्था (1987)
↳ इसके द्वारा प्रक्षेपास्त्र तकनीकी के निर्यात को प्रतिबंधित किया गया और ऐसी तकनीकी जिसके द्वारा 500 kg का वजन उठाया जा सके तथा इसे 300 km तक प्रक्षेपित किया जा सके। इस तकनीकी के आदान-प्रदान को प्रतिबंधित कर दिया गया।

④ वासेनार व्यवस्था (Wassenar Arrangement) → 1996
↳ इसमें दोहरे प्रयोग की तकनीकी तथा परम्परागत हथियारों के निर्यात को प्रतिबंधित करने का प्रयत्न किया गया।

परमाणु निर्यात नियंत्रण व्यवस्था एवं भारत

① विश्व में परमाणु हथियारों को प्रतिबंधित करने के लिए परमाणु निर्यात नियंत्रण व्यवस्था का निर्माण किया गया। और वर्ष 2016 के पहले तक भारत इस व्यवस्था का भाग नहीं था, यद्यपि परमाणु अप्रसार के मामले में भारत का रिकॉर्ड पूरे विश्व में सराहनीय माना जाता है।

② वर्ष 2016 में पहली बार NSG की सदस्यता के लिए भारत ने आवेदन दिया। लेकिन चीन, आयरलैण्ड, स्वीट्जरलैण्ड जैसे देशों के विरोध के कारण भारत को NSG की सदस्यता नहीं मिल सकी।

③ वर्ष 2016 में ही भारत को MTCR की सदस्यता प्राप्त हो गई। इसलिए परमाणु निर्यात नियंत्रण व्यवस्था में भारत का पहली बार प्रवेश हुआ।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098150

MTCR की सदस्यता से लाभ

① भारत की सदस्यता से परमाणु निर्यात नियंत्रण बेहतर होगा और विश्व समुदाय के द्वारा भारत को एक उत्तरदायी राज्य के रूप में स्वीकार किया गया।

② यह उल्लेखनीय है कि चीन को प्रक्षेपास्त्र तकनीकी प्रसार में शामिल होने के कारण MTCR की सदस्यता नहीं दी गई, जबकि भारत इसमें शामिल हो गया जो एक तरीके की कूटनीतिक विजय है।

③ इस समूह में शामिल होने से भारत को प्रक्षेपास्त्र तकनीक, द्रोण तकनीक, अनमैन्ड ~~व्हीकल~~ एरियल व्हीकल और क्रायोजेनिक इंजन प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी। जिससे भारत के तकनीकी विकास में वृद्धि होगी।

समस्या :->

① विशेषज्ञों का यह मानना है कि MTCR की सदस्यता से भारत को तकनीक मिलने की कोई गारंटी नहीं है क्योंकि MTCR के निर्देश में यह स्पष्ट लिखित है कि तकनीकी हस्तांतरित करने में सदस्य और गैर-सदस्यों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा।

निष्कर्ष :-> MTCR की सदस्यता भारत के लिए कूटनीतिक रूप में महत्वपूर्ण है। क्योंकि NSG की सदस्यता न मिलने के बाद MTCR में शामिल होना भारत के लिए सकारात्मक है।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Courier Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

भारत – रूस संबंध

भारत – USSR (Union of Soviet Socialist Republic)

① भारत में समाजवादी आर्थिक प्रणाली अपनायी गई थी तो सोवियत संघ इसका बड़ा समर्थक था।

② USSR ने भारत की गुटनिरपेक्ष नीति का भी समर्थन किया

③ सोवियत संघ के द्वारा कश्मीर मुद्दे पर व सुरक्षा परिषद में भारत की सदस्यता का सदैव समर्थन किया गया।

④ USSR का चीन के साथ विवाद था।

⑤ USSR का पाकिस्तान के साथ कोई संबंध नहीं था।

⑥ दोनों के बीच व्यापार रूपये व रूबल में होता था।

⑦ 1971 में भारत – सोवियत के साथ शांति एवं मित्रता की संधि। (20 साल का समझौता)।

⑧ 1971 के बाद भारत अपने हथियारों के आयात के लिए पूर्णतः सोवियत संघ पर निर्भर हो गया।

⑨ 1991 के पहले भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी भी सोवियत संघ था।

⑩ 1991 में सोवियत संघ का विघटन।

D.K. PHOTO COURIER FACILITY (M) 9268098155

1991 में USSR का विघटन

- उत्तराधिकारी → रूस
- सोवियत से 5 मध्य एशियाई देश बाहर होगये -
  कजाकस्थान, किर्गिस्तान
  उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान
  ताजाकिस्तान
- बाल्टिक देश
  ↓
  लिथुआनिया
  लाटविया
  एस्टोनिया
- काकेशस पहाड़ी से सटे देश -
  जो अलग हुए -
  ↓
  जॉर्जिया, अजरबैजान
  यूक्रेन, आर्मिनिया
  मालदोवा, बेलारूस

D.K. PHOTO COURIER FACILITY (M) 9268093159

USSR के विघटन का भारत पर प्रभाव

① भारत रूसी हथियारों के आयात पर निर्भर था इसलिए सोवियत संघ के विघटन के बाद हथियारों की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हुई।

② रूस की खराब अर्थव्यवस्था के कारण हथियारों की आपूर्ति समय पर भी नहीं हो पाई।

③ रूस की ओर होने वाला भारतीय व्यापार अचानक रुक गया। इसलिए भारत को वैकल्पिक बाजारों की तलाश करने लगा।

④ रूस की विदेश नीति में अमेरिका और यूरोप के साथ संबंध निर्माण को प्राथमिकता दी गई।

Que:- मोतियों के हार से आप क्या समझते हैं? यह भारत को किस प्रकार प्रभावित करता है इसका सामना करने के लिए भारत द्वारा उठाये गये कदमों की संक्षिप्त रूपरेखा दीजिए।

Ans:- ① चीन के शक्तिशाली आर्थिक उभार के परिणामस्वरूप हिन्दमहासागर क्षेत्र में हांग-कांग से लेकर सूडान तक चीन अपना प्रभुत्व बढ़ता है।

② इसके अंतर्गत हिन्दमहासागर क्षेत्र में चीन के द्वारा ग्वादर (पाकिस्तान) जैसे सैनिक अड्डे एवं हैम्बनटोटा सदृश्य व्यापारिक पत्तनों का निर्माण किया जा रहा है

③ चीन के द्वारा इस नीति के माध्यम से हिन्द महासागर क्षेत्र में व्यापारिक और सैनिक दोनों प्रभाव बढ़ा रहा है।



भारत को प्रभावित

① हिन्द महासागर भारतीय प्रभाव का क्षेत्र है।
② चीन का श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश में बढ़ता आर्थिक प्रभाव और सामरिक संबंध भारत के लिए सुरक्षा चुनौती के रूप में देखा जाता है।

भारत की प्रतिक्रिया

① वर्ष 2000 के बाद पहली बार अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भारत के द्वारा एकीकृत सैनिक कमान की स्थापना की गई।

② हिन्द महासागर तटीय देशों का क्षेत्रीय सहयोग संगठन.
IOR- ARC (Indian ocean Rim Association for Regional Cooperation) (हिन्द दक्षेस)।

③ चाबहार पत्तन का विकास।

④ श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव जैसे हिन्द महासागर के देशों को ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता देकर अपने सामरिक प्रभाव को बनाये रखना।

⟹ रूस की विदेश नीति में परिवर्तन का भारत-रूस संबंधों पर प्रभाव :→

① 1991 से वर्ष 2000 के बीच रूस के द्वारा अमेरिका एवं यूरोप की ओर ही झुकाव की विदेश नीति अपनाई गई।

② परन्तु वर्ष 2000 के बाद रूस के नये राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के द्वारा रूस को पुनः महाशक्ति का दर्जा दिलाने का प्रयत्न किया गया और उन्होंने यूरोप एवं अमेरिका के प्रति झुकाव की नीति को परिवर्तित किया।

रूस - चीन के बीच बढ़ते संबंध

① रूस प्राकृतिक गैस और तेल का बड़ा निर्यातक है जब चीन तेल और गैस का आयात करने वाला सबसे बड़ा देश बन गया है।

② रूस और चीन के बीच 400 b$ की गैस पाईपलाइन का समझौता हुआ है।

③ चीन रूसी हथियारों का बड़ा खरीददार भी है जबकि चीन की विनिर्मित वस्तुएँ रूसी बाजारों में बिकती है

④ रूस और चीन दोनों आपस में सहयोग करके अमेरिका के प्रभुत्व को सीमित करना चाहते हैं।

⑤ दक्षिण चीन सागर के मुद्दे पर रूस ने चीन का स्पष्ट रूप से समर्थन किया और दोनों के बीच साझे सैनिक अभ्यास भी हुये।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

रूस और पाकिस्तान

① रूस के द्वारा वर्ष 2016 में पाकिस्तान को सैनिक सहायता के रूप में ~~हेलीकॉप्टर~~ हेलिकॉप्टर दिया गया। अतः रूस और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैनिक संबंध अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की नवीन प्रवृत्ति है।

② वर्ष 2016 में ही पहली बार रूस और पाकिस्तान के बीच सैनिक अभ्यास भी किया गया।

③ वर्तमान में एशिया में नए शक्ति संतुलन का निर्माण हो रहा है और रूस, चीन एवं पाकिस्तान तीनों के संबंध सुदृढ़ हो रहें हैं।

④ भारत - अमेरिका के बीच बढ़ते सैनिक संबंधों को देखते हुए रूस भी नये सहयोगी की तलाश कर रहा है और पाकिस्तान को अपना हथियार बेचना चाहता है।

⑤ रूस और पाकिस्तान के सैनिक संबंधों की ~~निश्चित सीमा है~~ क्योंकि पाकिस्तान का बाजार छोटा है जो भारत का विकल्प नहीं हो सकता।

⑥ तालिबान के अफगानिस्तान और मध्य एशिया में बढ़ते प्रभाव का रूस के चेचेन्या तक ~~प्रभाव~~ प्रभाव दिखता है। इसलिए रूस और पाकिस्तान के बीच कई मुद्दों पर मतभेद है।

निष्कर्ष :- इसके बावजूद रूस और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैनिक संबंध भारत के लिए सुरक्षा चिंता का विषय है क्योंकि पाकिस्तान की ही मूल नीति भारत विरोधी है।

भारत-रूस संबंध

① आज भी रूस भारत का विश्वसनीय सहयोगी कहलाता है। और भारतीय रक्षा सामग्री की आपूर्ति का 60% भाग अभी भी रूस से आता है।

② रूस के द्वारा भारत को वे संवेदनशील रक्षा सामग्री प्राप्त होती है जो हमें अन्य कोई भी देश भारत को प्रदान नहीं करता।
ex. गोर्शकोव, परमाणु पनडुब्बी रूस के द्वारा दिया जाता है।

③ भारत और रूस के रक्षा संबंध केता-विक्रेता तक सीमित नहीं हैं बल्कि दोनों के बीच रक्षा सामग्री का साझा उत्पादन किया जाता है। और ब्रह्मोस प्रक्षेपास्त्र ~~दोनों~~ का विकास दोनों ने साथ मिलकर किया है।

भारत-रूस संबंधों में बदलाव कहाँ पर है?

① भारत-रूस के सामरिक और सैनिक संबंध अभी भी सुदृढ़ है परन्तु पहले इन संबंधों का आधार वैचारिक था जबकि वर्तमान में ये संबंध पैरामेट्रिक हो गये हैं।

② इसी पैराडाइम नीति का ही परिणाम है कि भारत रूस के अलावा अमेरिका, इज़राइल, फ्रांस से हथियार खरीद रहा है।

③ जबकि रूस चीन और पाकिस्तान को भी हथियार दे रहा है।

अन्य क्षेत्रों में भारत-रूस के संबंध

① सामरिक संबंधों के अलावा रूस भारत की ऊर्जा सुरक्षा को बनाये रखने भी सहायक है। और वर्तमान में ONGC के द्वारा रूस के सखालिन में सबसे बड़ा विदेशी निवेश किया गया है।

② रूस की सहायता से भारत में कुडनकुलम परमाणु रियक्टर का निर्माण किया गया है।

③ भारत और रूस के बीच के संबंध द्विपक्षीय मुद्दों पर ही बेहतर नहीं हैं बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी दोनों के बीच हितों का टकराव नहीं है।

④ अफगानिस्तान, मध्य एशिया, प० एशिया में बढ़ता आतंकवाद भारत-रूस दोनों के हितों का विरोधी है।

भारत-रूस के बीच आर्थिक संबंध

① दोनों के बीच सुदृढ़ सामरिक संबंधों के बावजूद आर्थिक संबंध अभी भी निराशाजनक हैं।

② दोनों के बीच का द्विपक्षीय व्यापार मात्र 10 Billion$ है

द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को बेहतर करने के उपाय

① रूसी अर्थव्यवस्था में विविधता का अभाव है क्योंकि अर्थव्यवस्था अभी भी तेल गैस के निर्यात और सैन्य सामग्री के विक्रय पर निर्भर है।

② दोनों देशों के बीच का व्यापार अभी भी सरकार और सरकार के बीच व्यापार तक सीमित है। जिसमें निजी क्षेत्रों की भूमिका को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

③ वर्तमान में यूक्रेन संकट के बाद अमेरिका और यूरोपीय देशों के द्वारा रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाये गये हैं। जिससे रूस भारत और चीन के साथ व्यापारिक संबंध सुदृढ़ करने पर बल दे रहा है।

④ भारत के फार्मास्यूटिकल और सॉफ्टवेयर के उपयोग को रूसिया में बढ़ावा दिया जा रहा है और रूस कच्चे हीरे का बड़ा निर्यातक है जबकि भारत कटे हुये हीरों का बड़ा (आयातक) निर्यातक है इसलिए इस क्षेत्र में भी सहयोग की बड़ी संभावना है।

निष्कर्ष भारत - रूस के बीच के संबंध सदाबहार एवं मित्रतापूर्ण हैं। दोनों देशों के बीच अविश्वास का बिल्कुल अभाव है और रूस भारत का विश्वसनीय सहयोगी है। इसलिए भविष्य में भी दोनों के बीच संबंध सुदृढ़ रहेंगे।

यूक्रेन संकट

संकट :→ (i) रूस के द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करके क्रीमिया पर नियंत्रण कर लिया गया।

(ii) यूक्रेन के पूर्वी भाग में अभी भी रूसी मूल के लोगों और यूक्रेनियों के बीच संघर्ष हो रहे हैं। अतः यूक्रेन में गृहयुद्ध जैसी स्थिति विद्यमान है।

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

संकट का कारण :→

(i) यूक्रेन संकट महाशक्तियों के बीच शक्ति संघर्ष का परिणाम है।

(ii) यूक्रेन NATO की सदस्यता लेने का प्रयत्न कर रहा है जिसे रूस अपने हितों के लिए सीधा चुनौती मान रहा है।

(iii) यूक्रेन संकट रूस और उसके सटे हुए देशों के साथ नृजातीय संघर्ष का परिणाम है और सोवियत संघ के विघटन के बाद रूसी मूल के लोगों का जॉर्जियाई, यूक्रेनी लोगों के साथ संघर्ष हो रहा है।

D. K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268098159

संकट का परिणाम :→

(i) रूस और अमेरिका के बीच के संबंध निम्नतम बिन्दु पर आ गये और इसे विश्व में उत्पन्न होने वाले नए शीत युद्ध का भी नाम दिया गया।

(ii) रूस को G-8 से निष्कासित कर दिया गया तथा अमेरिका और यूरोप के द्वारा रूस पर कठोर लगा प्रतिबंध लगा दिया गया।

(iii) सं. रा. संघ यूक्रेन की सुरक्षा करने में विफल हो गया, क्योंकि रूस के द्वारा सुरक्षा परिषद में वीटो का प्रयोग कर दिया गया।

भारत पर प्रभाव :-

भारत के संबंध रूस और यूक्रेन दोनों के साथ मित्रतापूर्ण है। इसलिए भारत के द्वारा मध्यमार्गी की विदेश नीति अपनाई गई और यूक्रेन की ~~एकता~~

एकता-अखण्डता का समर्थन किया गया। परन्तु रूस की आलोचना नहीं की।

(ii) भारत ने क्रीमिया के जनमत संग्रह का समर्थन नहीं किया।

(iii) यूक्रेन संकट के कारण भारत अमेरिकी संबंध प्रभावित हुए; क्योंकि अमेरिका के द्वारा भारत पर दबाव का प्रयोग किया गया कि भारत रूस के साथ संबंध बेहतर न करे।

फायदा

(iv) रूस पर लगने वाले व्यापारिक प्रतिबंधों के कारण भारत-रूस व्यापारिक संबंधों के बेहतर होने की संभावना है।

Que:- भारत और पाकिस्तान के बीच सीमापार आतंकवाद संबंधों को किस प्रकार क्षतिग्रस्त कर रहा है और पाकिस्तान इस कार्यवाही के विरूद्ध भारत को किन रणनीतियों का प्रयोग करना चाहिए।

Ans: दिसम्बर 2001 में भारतीय संसद पर हमला वर्ष 2002 में जम्मू-कश्मीर में सेना के कैम्प पर आतंकी हमला। मुम्बई, पठानकोट का, ताजहोटल व पठानकोट का हमला।

भारत की प्रतिक्रिया

कूटनीतिक तरीका :- (i) पाकिस्तान में नियुक्त भारतीय राजदूत को वापस बुलाना।

(ii) दक्षेस में अफगानिस्तान, बांग्लादेश के साथ मिलके आतंकवाद के मुद्दे पर दबाव बनाना।

(iii) अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सीमापार आतंकवाद के मुद्दे को प्रभावी रूप में उठाना। और पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर अलग-थलग करना

रणनीतिक / सामरिक तरीका :-

(i) सीमा प्रबंध को बेहतर करना।

(ii) सैन्य बलों को आतंकवादियों तथा अवैध घुसपैठियों के विरुद्ध विशेष प्रशिक्षण और तकनीक उपलब्ध कराना।

(iii) सीमापार आतंकवाद के विरुद्ध भारत के पाकिस्तान पर हमले का विचार बिल्कुल ही तार्किक नहीं है

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Cour... acility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

संयुक्त राष्ट्र संघ (51 सदस्यों के साथ गठित)

उद्देश्य :- विश्व में विद्यमान संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान।

- राज्यों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक सहयोग के मंच के रूप में कार्य करना।
- किसी भी राज्य के आंतरिक मामले में अहस्तक्षेप नहीं होगा।
- प्रत्येक राज्य की संप्रभुता समान है।
- संयुक्त राष्ट्र संघ समानता के सिद्धांतों पर निर्मित संगठन है।
- यह मानव अधिकारों का रक्षक भी है। (10 Dec. 1948 का घोषणा पत्र)

संयुक्त राष्ट्र संघ के अंग

सुरक्षा परिषद

संरचना :- स्थायी सदस्य (P-5) → स.रा. अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस रूस, चीन

अस्थायी सदस्य (6+4 → 1963 = 10) → 2 वर्ष के लिए निर्वाचित होते हैं लेकिन लगातार दो कार्यकाल के लिए निर्वाचित नहीं हो सकते।

सदस्यों का चुनाव → क्षेत्र वार

एशिया-प्रशांत, अफ्रीका, यूरोप, लैटिन अमेरिका + अ
(प्रत्येक में से दो)

→ सुरक्षा परिषद का कोई भी निर्णय 9 सदस्यों के बहुमत से होता है।

→ वीटो के प्रयोग का अधिकार केवल स्थायी सदस्यों को होता है।

NATO – इसकी सुरक्षा केवल इसके सदस्यों को मिलती है जबकि UN की सुरक्षा सबको मिलती है।

सुरक्षा परिषद का कार्य :-

① दुनिया में शांति स्थापित करना और आक्रामक राज्य को दण्डित करना।

शांति बनाये रखने के तरीके

① राज्य के ऊपर आर्थिक प्रतिबंध लगाना।
ex. ईरान, उ० कोरी उ०-कोरिया,

② सैनिक कार्यवाही
ex. इराक, लीबिया, माली, अफ्गानिस्तान
↳ No Flying zone (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र)

कार्यों को प्रभावशाली बनाने के लिए दूसरा विकल्प :-

① पीस कीपिंग ऑपरेशन।
ex कांगो, सोमालिया, सूडान

D. K. PHOTOSTAT (M) 9268098159
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Coun... acility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

② पीस बिल्डिंग → शांति बहाली के लिए देश के आर्थिक पुनर्निर्माण को बढ़ावा देना।
Eg. - अफगानिस्तान में

③ पीस मेकिंग → यह एक कूटनीतिक माध्यम है जिसके द्वारा संघर्ष उत्पन्न होने के पहले ही इसे प्रतिबंधित करने का प्रयास किया जाता है। इसलिए इसे निवारात्मक कूटनीति (preventive diplomacy) भी कहा जाता है।

सुरक्षा परिषद में सुधार :→

① सुधार क्यों?

Ⓐ ↳ स्थापना - 1945

Ⓑ स्थायी सदस्य → 5
कुल सदस्य संख्या → 15।

Ⓒ संयुक्त राष्ट्र संघ में यूरोप, अमेरिका का बहुमत था।

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY (M) 9268198159

वर्तमान - 2016 में

Ⓐ स्थायी सदस्य - 5
कुल सदस्य → 193

Ⓑ वर्तमान में सं.रा.संघ में एशियाई, अफ्रीकी देशों का बहुमत स्थापित हो गया।

→ 1995 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के 50 वर्ष हुये और 1990 के बाद दुनिया में भूमण्डलीकरण का प्रभाव बढ़ा, विश्व में आर्थिक ~~अंतर्निर्भरता~~ अंतरनिर्भरता में वृद्धि हुई और आतंकवाद एवं पर्यावरण जैसी सुरक्षा की नई समस्याएँ उत्पन्न हुई। इसलिए सुरक्षा परिषद् में सुधार आवश्यक है।

② <u>किस प्रकार का सुधार</u> :-

2005-06 में UNO के महासचिव द्वारा सुधार के <u>दो मॉडल सुझाए गये</u> -



Ⓐ

① 6 नये स्थायी सदस्यों को शामिल किया जाना।

② 3 नये अस्थायी सदस्य।

③ बिना वीटो के शामिल किया जाना।

Ⓑ

① 8 नये अर्ध-स्थायी
- इनका निर्वाचन 4 वर्ष के लिए
- लगातार 2 कार्यकाल के लिए भी निर्वाचित हो सकते हैं।

② 1 अस्थायी

D.K. PHOTOSTAT COURIER FACILITY

2005 में भारत का नया मॉडल



- बिना वीटो
- 6 नये स्थायी शामिल हो ⇒ 4 + 2 (अफ्रीका से)
- 4 अस्थायी सदस्य।

③ सुधार में बाधा :- (भारत की सदस्यता में बाधा)

① सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ चार्टर में संशोधन की आवश्यकता है। जिसके लिए सुरक्षा परिषद के 5 स्थायी सदस्यों की सहमति की आवश्यकता है। परंतु ये स्थायी सदस्य अपना विशेषाधिकार छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं।

⑪ सुरक्षा परिषद के संभावित सुधार में जिन सदस्यों को कोई लाभ प्राप्त नहीं होगा, वे किसी भी सुधारों के विरोधी हैं और इन देशों ने मिलकर 'कॉफी क्लब' का निर्माण किया है।

(iii) सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता के लिए आजतक किसी निश्चित मानदंड का निर्माण नहीं हो पाया। इसलिए अनेक सदस्यों के दावे एक-दूसरे के विरोधी हैं।

सुरक्षा परिषद् में सुधार से भारत को क्या मिलेगा ?

दावे का आधार :- क्यों मिलनी चाहिए ?

(i) सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश
(ii) जनसंख्या का बड़ा आकार
(iii) बड़ा भू-भाग
(iv) भारत के द्वारा सं. रा. संघ की शांति सेनाओं में योगदान सबसे बड़ा।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098159

क्यों मिलेगी :-

(i) सुरक्षा परिषद के 5 स्थायी सदस्यों में से 4 स्थायी सदस्य समर्थन कर रहे हैं।

(ii) सुरक्षा परिषद् का विस्तार क्षेत्रीय आधार पर होता है और इस आधार से एशिया-प्रशांत से 2 सीट खाली हैं।
एशिया-प्रशांत → जापान, भारत

(iii) भारत दुनिया का बड़ा बाजार है।

निष्कर्ष :→ सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता परिषद् के लोकतांत्रिक विस्तार का तार्किक परिणाम है और यह भारत की सदस्यता का ~~परिणाम~~ मुद्दा नहीं है बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ को प्रभावशाली और शक्तिशाली बनाने का विषय है।

सदस्यता से भारत को लाभ?

(i) भारत एक महाशक्ति है जो G-20 का सदस्य है, और NSG की सदस्यता का दावेदार भी है। इसलिए सुरक्षा परिषद् की सदस्यता से भारत के महाशक्ति के दावे की वैश्विक स्वीकृति हो जायेगी।

(ii) अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के प्रमुख मुद्दों पर भारत की भूमिका का विस्तार होगा। क्योंकि भारत भी निर्णय निर्माण में शामिल होगा।

(iii) संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रभाव बढ़ने के साथ-साथ महाशक्तियों के साथ द्विपक्षीय संबंध भी सुदृढ़ होंगे।

(iv) संयुक्त राष्ट्र संघ के सुधार के लिए चार्टर के संशोधन में भी भारत की स्वाभाविक भूमिका हो जायेगी।

(v) सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता मिलने से कोई राज्य शक्तिशाली नहीं हो जाता, बल्कि शक्तिशाली होने के कारण राज्य को परिषद् की सदस्यता प्राप्त होती है।

सुरक्षा परिषद में वीटो :→

① सुरक्षा परिषद् में किसी भी प्रस्ताव को पारित कराने के लिए परिषद् को 9 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होती है। परन्तु स्थायी सदस्यों को प्रस्ताव के विरुद्ध नकारात्मक मत देने का भी अधिकार है (Art. 27) जिसे लोकप्रिय रूप में वीटो कहा जाता है।

② स्थायी सदस्य की अनुपस्थिति को वीटो नहीं माना जायेगा।

D. K. PHOTOSTAT
COURIER FACILITY
(M) 9268098139

वीटो के विरुद्ध तर्क

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ चार्टर में सभी राज्यों की समान संप्रभुता का सम्मान किया जाता है, परन्तु वीटो के माध्यम से 5 महाशक्तियों को विशेषाधिकार प्रदान कर दिया गया है जो ~~सामान्यतः~~ समानता और लोकतंत्र की भावना के प्रतिकूल है।

(ii) महाशक्तियों के द्वारा वीटो का दुरुपयोग अपने हितों के लिए किया जाता है जो सुरक्षा परिषद् द्वारा स्थापित शांति प्रयासों में सबसे बड़ी बाधा है।

(iii) वीटो का प्रावधान सुरक्षा परिषद के विस्तार में भी जटिलता उत्पन्न करता है क्योंकि संभावित नये स्थायी सदस्यों को वीटो प्राप्त नहीं होगा।

वीटो के पक्ष में तर्क :-

(i) वीटो एक विशेषाधिकार नहीं, बल्कि विशेष उत्तरदायित्व है।

(ii) वीटो के द्वारा सुरक्षा परिषद का निर्णय ज्यादा लोकतांत्रिक बन जाता है क्योंकि प्रत्येक सदस्य की निर्णय निर्माण में समान भूमिका होती है।

निष्कर्ष :- सैद्धांतिक रूप में वीटो का विचार अलोकतांत्रिक प्रतीत होता है परन्तु निर्णय निर्माण में इसका व्यावहारिक महत्व है; जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती।

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Computer Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

(M) 9268098159
D. K. PHOTOSTAT
Old N.C.E.R.T. Available All Subject
(Computer Facility)
(IAS/PCS) All Study Materials Available
701, Shop No. 2,
Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009

सामाजिक – आर्थिक परिषद्

संरचना :

1. 54 सदस्य
2. महासभा द्वारा निर्वाचन

एजेन्सी

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
2. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
